आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 29 अगस्त 2024 ■ भाद्र कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-151 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

सड़ी-गली लाश पेड़ से लटकी मिली

बालोद 29 अगस्त। डौंडी में कोकान मंदिर के पास पहाड़ी पर एक शख्स की नग्न अवस्था में पेड़ से लटकी सड़ी-गली लाश मिलने से हड़कंप मच गया. लाश मिलने की सुचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को कब्जे में लिया और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस के अनुसार, यह शव लगभग 4 से 5 दिन पुराना बताया जा रहा है और मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष के आसपास है. मामला डौंडी थाना क्षेत्र जा है. पुलिस के मुताबिक शव के पास फाँसी के लिए इस्तेमाल किए गए कपड़े भी मिले हैं, जिससे यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है. हालांकि, पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है और आत्महत्या के साथ-साथ हत्या या अन्य किसी घटनाक्रम की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता. डौंडी पुलिस ने अज्ञात मृतक की शिनाख्त के लिए लोगों से अपील की है. पुलिस ने कहा है कि अगर किसी को किसी गुमशुदा व्यक्ति के की तलाश है तो वह तुरंत थाने से संपर्क कर शिनाख्त करने में पुलिस की मदद करे.

मैंने छात्रों के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला : ममता

कोलकाता 29 अगस्त। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि उनके कल के भाषण को लेकर उनके खिलाफ दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार अभियान चलाया गया। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने मेडिकल छात्रों या कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के खिलाफ उनके आंदोलन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोला। उन्होंने एक्स पर एक लंबी पोस्ट में कहा, मुझे कुछ प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया में एक दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार अभियान का पता चला है, जो कल हमारे छात्रों के कार्यक्रम में मेरे द्वारा दिए गए भाषण के संदर्भ में फैलाया गया है। ममता बनर्जी ने कहा कि मैं दृढ़तापूर्वक स्पष्ट कर दूं कि मैंने (मेडिकल आदि) छात्रों या उनके आंदोलनों के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा है। मैं उनके आंदोलन का पूरा समर्थन करती हूं। उनका आंदोलन सच्चा है। मैंने उन्हें कभी धमकी नहीं दी, जैसा कि कुछ लोग मुझ पर आरोप लगा रहे हैं। यह आरोप पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने भाषण में भाजपा के खिलाफ बात की क्योंकि वे पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र को खतरे में डाल रहे हैं।

गर्भपात की याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

बिलासपुर 29 अगस्त। हाईकोर्ट ने दुष्कर्म की शिकार नाबालिग के गर्भवती होने पर परिजनों की ओर गर्भपात कराने की अनुमति को लेकर लगाई गई याचिका खारिज कर दी है. विशेषज्ञों द्वारा गर्भपात करना पीड़िता के लिए खतरनाक होने रिपोर्ट दिए जाने पर हाईकोर्ट ने यह महत्वपूर्ण फैसला दिया है. राजनांदगांव जिले में रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग के गर्भवती होने पर उसके अभिभावकों ने गर्भपात की अनुमति देने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी. मामले में जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू की कोर्ट में सुनवाई हुई. उन्होंने पीड़िता का विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम गठित कर जांच रिपोर्ट देने कहा था. 9 सदस्यों की टीम ने जांच पाया, कि 20 सप्ताह का गर्भ समाप्त किया जा सकता है, इसके अलावा विशेष परिस्थिति में 24 सप्ताह का गर्भ पीड़िता के जीवन रक्षा के लिए हो सकता है. मामले में पीड़िता 24 सप्ताह से अधिक से गर्भवती है. ऐसे में गर्भ समाप्त करना उसके स्वास्थ्य के लिए घातक है और पीड़िता का सुरक्षित प्रसव कराया जाना उचित है. भ्रूण स्वस्थ्य होने के साथ उसमें किसी प्रकार के जन्मजात विसंगति नहीं है. मेडिकल रिपोर्ट में याचिकाकर्ता की गर्भावस्था की उम्र लगभग 32 सप्ताह है।

कंगना रनौत को मिली सिर कलम करने की धमकी

बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने पहुंचीं

■ नई दिल्ली 29 अगस्त

भाजपा सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनौत को जान से मारने की धमकी मिली है. एक्ट्रेस ने मंगलवार (28 अगस्त) को पुलिस से मदद मांगी. सोशल मीडिया पर उनकी अगली फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज को लेकर कुछ लोगों ने उन्हें धमकी दी है. इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है. फिल्म में कंगना रनौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभा रही हैं. सोशल मीडिया पर फिल्म का ट्रेलर जारी होने के बाद उन्हें धमकियां दी गईं.

वीडियो में छह लोग एक कमरे में घेरा बनाकर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं. इनमें से दो निहंग सिखों की तरह कपड़े पहने हुए हैं. उनमें से एक व्यक्ति कहता है कि अगर फिल्म रिलीज हुई तो सिख समुदाय इसकी निंदा करेगा. वह कहता है, आपकी फिल्म का चप्पलों से स्वागत किया जाएगा.

अगर फिल्म में उन्हें (खालिस्तानी आतंकवादी जरनैल सिंह भिंडरावाले) आतंकवादी के रूप में दिखाया गया है तो याद रखें कि उस व्यक्ति (इंदिरा गांधी) के साथ

क्या हुआ था जिसकी फिल्म आप कर रहे हैं. विक्की थॉमस सिंह नाम के एक अन्य व्यक्ति ने चेतावनी दी जो खुद को ङ्ग पर एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बताता है और नियमित रूप से भिंडरावाले की तारीफ करते हुए वीडियो शेयर किया है. उन्होंने इंदिरा गांधी के बॉडीगार्ड सतवंत सिंह और बेअंत सिंह के बारे में भी बात की जिन्होंने 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या की थी. एक्ट्रेस ने पोस्ट शेयर की और महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक , हिमाचल पुलिस और पंजाब पुलिस को टैग किया. उन्होंने ङ्गपर लिखा, कृपया इस पर गौर करें.

कंगना रनौत गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने पहुंची . बताया जा रहा है कि नड्डा ने कंगना को किसी भी तरह के आपत्तिजनक बयान देने से बचने की सलाह दी है और शब्दों के चुनाव का सुझाव दिया है. अभिनेत्री से नेता बनी कंगना ने पिछले दिनों किसान आंदोलन को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया था, जिसके बाद पार्टी ने उनके बयान से किनारा किया था.

कंगना के बयान को लेकर जब विवाद बढ़ने लगा तो 26 अगस्त को भाजपा ने एक बयान जारी कर कंगना के बयान पर असहमती जताई थी. पार्टी ने बयान में कहा था कि कंगना को पार्टी के नीतिगत मुद्दों पर बोलने की इजाजत नहीं है और नही वे पार्टी की तरफ से बयान देने के लिए अधिकृत हैं. बुधवार को एक साक्षात्कार में कंगना ने अपनी गलती स्वीकारी थी और कहा था वह शब्दों के चयन में सावधानी बरतेंगी.

कंगना ने कहा था कि 3 कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन के दौरान लाशें लटकती देखी गईं और बलात्कार हो रहे थे. उन्होंने विरोध-प्रदर्शन जारी रहने के लिए स्वार्थों और विदेशी ताकतों को जिम्मेदार ठहराया था और कहा था कि शीर्ष नेतृत्व मजबूत नहीं रहता तो किसान आंदोलन के दौरान पंजाब बांग्लादेश बन जाता. उनकी टिप्पणी पर विपक्ष भाजपा पर हमलावर था. नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी बयान की निंदा की थी.शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने फिल्म को सिख विरोधी बताया है. फिल्म और कंगना के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करने की मांग की है. इतना ही नहीं उन्होंने फिल्म को पास करने के लिए केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की भी आलोचना की और फिल्म के तथ्यों के एनालिसिस के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रतिनिधियों को भी शामिल करने की मांग की है. वहीं ऑस्ट्रेलिया बेस्ड एक सिख परिषद ने 'इमरजेंसी' को एक प्रोपोगेंडा फिल्म करार दिया है और आरोप लगाया है कि यह ऐतिहासिक घटनाओं को खराब करती है और सिख शहीदों के लिए 'अपमानजनक' है.

सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के मंसूबों पर फेरा पानी

सुकमा 29 अगस्त। जिला सुकमा में एसपी किरण चव्हाण एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में कोंटा एवं किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर थाना चिंतागुफा कैम्प दुलेड़ से विशाल विंग, द्वितीय कमान अधिकारी के हमराह 206 कोबरा वाहिनी कोबरा का बल, अजय कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी के हमराह 204 कोबरा वाहिनी का बल एवं जिला बल का बल एवं कैम्प मुकराजकोण्डा से टी. सैमसन राजू, द्वितीय कमान अधिकारी 02 री वाहिनी सीआरपीएफ का बल एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सली गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम पातादुलेड़ व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम पांतादुलेड़ के पास नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की मंसूबे से पूर्व से लगाये 1 नग पाईप बम लगभग 6 किलोग्राम वजनी को बरामद किया गया, जिसे सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा मानको का पालन करते हुए बीडीएस टीमों के द्वारा सुरक्षित निष्क्रिय किया गया।

इसी क्रम में थाना किस्टाराम क्षेत्रान्तर्गत कैम्प डब्बामरका से खेमचंद कश्यप, द्वितीय कमान अधिकारी के हमराह 208 कोबरा वाहिनी का बल नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम छोटेकेड़वाल, सिंगनमड़गू, कामाराम व आस-पास जंगल क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान छोटेकेड़वाल के जंगल में सुरक्षा बलों की गतिविधियों को देखकर नक्सली जंगल व झाड़ी का आड़ लेकर भाग गए बाद घटना स्थल की संघन सर्चिंग करने पर नक्सलियों के ठिकाने में छुपाकर (डम्प) कर रखे भरमार बदूंक, डेटोनेटर, कोर्डेक्स वायर, फटाका, दवाईया व अन्य नक्सली सामाग्रियां बरामद किया गया।नक्सलियों के द्वारा रखे भरमार बंदूक 1 नग समेत भारी मात्रा मे विस्फोटक सामग्री बरामद हुए।

कांग्रेसियों को केवल गांधी परिवार से मतलब: अजय

रायपुर 29 अगस्त। भाजपा में कांग्रेस से गए नेताओं को जगह नहीं मिलने के आरोप पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि धर्मजीत कहां है, सरगुजा के सांसद कौन है. संभाल तो सकते नहीं है, सम्मान देना है नहीं. कांग्रेसियों को पहले दिन से सिखाया जाता है कि कार्यकर्ता और जनता से कोई मतलब नहीं, गांधी परिवार का सम्मान करो. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने मीडिया से चर्चा में कांग्रेस के पुतला दहन और लाठी चार्ज को लेकर कहा कि सारी अकल विपक्ष में रहने पर आती है. सत्ता में रहने और कुर्सी में बैठने

में बाद नहीं आती. पिछले 5 साल किन परिस्थितियों में लाठी चार्ज होता है, पढ़ लिए होते, तो उनके हाथ से सत्ता नहीं गई होती. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस आदमी का इतिहास अत्याचार का है, वह अत्याचार का क्या दुहाई देगा. कांग्रेस संगठन बदलाव पर बोले अजय चंद्राकर ने कहा कि दीपक बैज खुद बूढ़े हो गए हैं क्या?, दीपक बैज चले हुए तीर हो गए हैं क्या?. यह सब बुफे बाजी है. पेपर में जगह भरना है, इसलिए दीपक बैज रोज एक बयान दे देते हैं, बाकी वह फोटोकॉपी भूपेश बघेल के हैं. दीपक बैज को कोई नेता मानता नहीं, जिला उनको स्वीकारता नहीं।

गृहमंत्री को बाइक में घुमाने वाले एएसआई की सड़क हादसे में मौत

बीजापुर 29 अगस्त। जिले में सर्चिंग अभियान के दौरान एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. बाइक से सर्चिंग ड्यूटी पर निकले डीआरजी में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक की सड़क हादसे में मौत हो गई है, जबकि बस्तर फाइटर आरक्षक घायल हो गया है. घायल को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मगज़ कायम कर जांच में जुट गई है. बताया जा रहा है कि जब गृह मंत्री विजय शर्मा पालनार प्रवास पर आए थे तब एएसआई उन्हें बाइक पर बैठकर कैंप ले गया था.

जानकारी के अनुसार, देर रात दुघज़्टना मिरतुर क्षेत्र के ग्राम बेचापाल के पास हुई है. जब बीजापुर डीआरजी में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक तेलम चमरू (39 वर्ष) और बस्तर फाइटर आरक्षक उदय कुमार पटवा सर्चिंग ड्यूटी पर

बाइक से रवाना हुए थे. इसी दौरान बेचापाल गांव के आस-पास बाइक के फिसलने से दोनों जवान घायल हो गए. घटना की सूचना पर बचाव टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल ले जाया गया. तेलम चमरू की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें दंतेवाड़ा अस्पताल में भतीज़ कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. उनका पार्थिव शरीर जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में रखा गया है, जिसे जल्द ही जिला बीजापुर पुलिस लाइन के लिए रवाना किया जाएगा. वहीं घायल आरक्षक उदय कुमार की स्थिति सामान्य बताई जा रही है और उनका इलाज मेडिकल कॉलेज डिमरापाल, जगदलपुर में किया जा रहा है. बता दें कि बीते 16 अगस्त को डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा जब पालनार प्रवास पर आए थे. तब बाइक में तेलम चमरू बैठाकर शिविर स्थल तक ले गए थे।

दिल्ली में बस बनी आग का गोला

बाइक वाले फरिश्ते ने बचा ली सबकी जान

■ नई दिल्ली 29 अगस्त

जगतपुरी इलाके में एक बड़ा हादसा हो गया है। यात्रियों से भरी एक क्लस्टर बस में आग लग गई है। यात्रियों को आनन-फानन में बाहर निकाला गया। बस में आग लगने से जगतपुरी, प्रीत विहार और पटपड़गंज इलाकों में कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया है।

दिल्ली के जगतपुरी इलाके में एक बड़ा हादसा हो गया है। यात्रियों से भरी एक क्लस्टर बस में आग लग गई। यात्रियों को आनन-फानन में बस से बाहर निकाला गया। बस में आग लगने से जगतपुरी, प्रीत विहार और पटपड़गंज इलाकों में कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया है। दरअसल, बाइक चला रहा एक शख्स बस में बैठे लोगों के लिए फरिश्ता बनकर आया। बस में आग लगी है इसकी सूचना बाइक वाले ने ही ड्राइवर को दी।

जानकारी के मुताबिक, बाइक चला रहे एक शख्स ने बस ड्राइवर को बताया कि क्लस्टर बस में आग लग गई है। ड्राइवर ने तुरंत

बस को रोका और अंदर बैठे सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। बस में आग लगने के बाद का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में बस आग के गोले की तरह जलती हुई दिख रही है। धुएं का गुबार ऊपर तक उठ रहा है। वीडियो शूट कर रहा शख्स भागो-भागो कहता सुनाई दे रहा है।

बस में आग लगने के बाद जगतपुरी, प्रीत विहार और पटपड़गंज इलाकों में कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। कुछ और वीडियो भी सामने आए हैं जिसमें रेस्क्यू टीमें मौके पर हैं। दूसरे लेन पर गाड़ियां धीरे-धीरे रेंगती हुई नजर आ रहीं हैं। हल्की बारिश भी हो रही है। वहीं बस के अंदर रेस्क्यू टीम के लोग नजर आ रहे हैं। बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई है।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह 9:45 बजे दमकल विभाग को बस में आग लगने की सूचना मिली। सूचना के बाद मौके पर दमकल की तीन गाड़ियों को भेजा गया। एक घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। पूरे हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

चंपाई सोरेन का झारखंड मुक्ति मोर्चा से इस्तीफा

झारखंड 29 अगस्त। झारखंड के पूर्व सीएम सह मंत्री चंपाई सोरेन ने झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है. ईमेल के माध्यम से उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो और शिबू सोरेन को इस्तीफा भेजा है. 30 अगस्त को वे भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह मंत्री चंपाई सोरेन आज बुधवार को नयी दिल्ली से रांची लौटे. रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि 30 अगस्त को वे रांची में बीजेपी ज्वाइन करेंगे. इसके बाद उन्होंने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया. शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने के बाद वे सियासत में नयी पारी की शुरुआत करेंगे. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह मंत्री चंपाई सोरेन ने ईमेल के जरिए इस्तीफा सौंपा है. उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन, स्पीकर रवींद्रनाथ महतो और झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन को सभी पदों से इस्तीफा भेजा है. झारखंड के जल संसाधान मंत्री चंपाई सोरेन ने इस्तीफा देते हुए कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की वर्तमान कार्यशैली और नीतियों से क्षुब्ध होकर उन्होंने पार्टी छोड़ी है।

संरक्षण नहीं, भयमुक्त वातावरण चाहिए: खड़गे

महिला सुरक्षा को लेकर कांग्रेस ने केंद्र को घेरा

नई दिल्ली 29 अगस्त। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में कमी के लिए मोदी सरकार की आलोचना की और कहा कि बेटी बचाओ के बजाय, हमें अपनी बेटियों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने की जरूरत है। खड़गे ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए सवाल किया कि क्या जस्टिस वर्मा समिति की सिफारिशें और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के प्रावधानों को पूरी तरह से लागू किया गया है या नहीं।

खड़गे ने एक्स पर लिखा कि हमारी महिलाओं के साथ हुआ कोई भी अन्याय असहनीय है, पीड़ादायक है और घोर निंदनीय है। हमें 'बेटी बचाओ' नहीं 'बेटी को बराबरी का हक़ सुनिश्चित करो' चाहिए। उन्होंने लिखा कि महिलाओं को संरक्षण नहीं, भयमुक्त वातावरण चाहिए। देश में हर घंटे महिलाओं के ख़िलाफ़ 43 अपराध रिकॉर्ड होते हैं। हर दिन 22 अपराध ऐसे हैं जो हमारे देश के सबसे कमज़ोर दलित-आदिवासी वर्ग की महिलाओं व बच्चों के ख़िलाफ़ दर्ज होते हैं। अनगिनत ऐसे अपराध है जो दर्ज ही नहीं होते - डर से, भय से, सामाजिक कारणों के चलते।

कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी लाल क़िले के भाषणों में कई बार महिला सुरक्षा पर बात कर चुके हैं, पर उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में ऐसा कुछ ठोस नहीं किया जिससे महिलाओं के ख़िलाफ़ अपराधों में कुछ रोकथाम हो। उल्टा, उनकी पार्टी ने कई बार पीड़िता का चरित्र हनन भी किया है, जो शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि हर दीवार पर बेटी बचाओ पेंट करवा देने से क्या सामाजिक बदलाव आएगा या सरकारें व क़ानून व्यवस्था सक्षम बनेगी?

उन्होंने सवाल किया कि क्या हम निवारक क़दम उठा पा रहे हैं? क्या हमारा आपराधिक न्याय प्रणाली सुधरा है? क्या समाज के शोषित व वंचित अब एक सुरक्षित वातावरण में रह पा रहे हैं? उन्होंने पूछा कि क्या सरकार और प्रशासन ने वारदात को छिपाने का काम नहीं किया है? क्या पुलिस ने पीड़िताओं का अंतिम संस्कार जबरन करना बंद कर दिया है, ताकि सच्चाई बाहर न आ पाएँ? हमें ये सोचना है कि जब 2012 में दिल्ली में निर्भया के साथ वारदात हुई तो जस्टिस वर्मा कमेटी की सिफ़ारिशें लागू हुई थी, आज क्या उन सिफ़ारिशों को हम पूर्णतः लागू कर पा रहे हैं?

उन्होंने कहा कि क्या 2013 में पारित कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम के प्रावधानों का ठीक ढंग से पालन हो रहा है, जिससे कार्यस्थल पर हमारी महिलाओं के लिए भयमुक्त वातावरण तैयार हो सके? संविधान ने महिलाओं को बराबरी का स्थान दिया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के ख़िलाफ़ अपराध एक गंभीर मुद्दा है। इन अपराधों को रोकना देश के लिए एक बड़ी चुनौती है। हम सबको एकजुट होकर, समाज के हर तबके को साथ लेकर इसके उपाय तलाशने होंगे।

लिंग संवेदीकरण पाठ्यक्रम हो या लिंग बजटिंग, महिला कॉल सेंटर हो या हमारे शहरों में स्ट्रीट लाइट और महिला शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा, या फिर हमारे पुलिस सुधार हो या न्यायिक सुधार – अब वक्त आ गया है कि हम हर वो कदम उठाए जिससे महिलाओं के लिए भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित हो सके।

8 लाख लोगों को निकालने का आदेश, रेल-उड़ान और डाक सेवाएं सब बंद

जापान में महा भयंकर चक्रवाती तूफान

टोक्यो 29 अगस्त। ईस्ट एशियन राष्ट्र जापान में महा भयंकर चक्रवाती तूफान शानशान 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने कागोशिमा और मियाजाकी प्रांतों के लिए चेतावनी जारी की है। चक्रवाती तूफान के मद्देनजर सरकार भी अलर्ट मोड पर आ गई है। तूफान की गंभीरता का असर इस बात से लगाया जा सकता है कि सरकार के निर्देश में शुक्रवार तक करीब 219 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

फेमस कार निर्माता कंपनी टोयोटा ने अपने कारखाने बंद कर दिए हैं और सरकार इन दो प्रांतों से करीब 8 लाख लोगों को विस्थापित कर रही है। इतना ही नहीं, राजधानी टोक्यो तक रेल, बुलेट ट्रेन, उड़ान और डाक सेवाएं तक बंद करने के आदेश जारी हो गए हैं।

जापानी चैनल एनएचके की रिपोर्ट के अनुसार, देश के मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बुधवार को अनुमान जताया कि

टाइफून शानशान दोपहर 2 बजे याकुशिमा द्वीप से 70 किमी दूर स्थित था और यह दक्षिण-पश्चिमी क्यूशू द्वीप पर कागोशिमा और मियाज़ाकी प्रान्तों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने संवाददाताओं को बताया कि शानशान गुरुवार को बेहद तेजी से दक्षिणी क्यूशू की ओर बढ़ेगा।

हयाशी ने कहा कि तूफान की गति 250 किमी प्रति घंटे तक होने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि यह अभी तक के पहले चक्रवाती तूफानों से काफी भयंकर हो सकता है। बता दें कि शानशान से पहले इस महीने की शुरुआत में चक्रवाती तूफान एम्पिल ने तटीय इलाकों में कहर बरपाया था। इससे कई शहरों में ब्लैकआउट की स्थिति पैदा हो गई थी और सैकड़ों उड़ानें और रेलगाड़ियां बाधित हुई थी।

जेएमए ने कहा कि शानशान अगले कुछ दिनों में क्यूशू के निकट समुद्री तट से टकराएगा। इसके सप्ताहांत में राजधानी टोक्यो सहित मध्य और पूर्वी क्षेत्रों तक पहुंचने की संभावना है। अधिकारियों ने बुधवार को क्यूशू के कागोशिमा प्रान्त और मध्य होन्शू द्वीप के टोक्यो के दक्षिण-पश्चिम में ऐची और शिज़ुओका प्रान्तों के 800000 से अधिक निवासियों को निकासी के आदेश जारी किए।

उधर, कार निर्माता कंपनी टोयोटा ने बुधवार शाम से गुरुवार सुबह तक जापान में अपने सभी 14 संयंत्रों में परिचालन निलंबित करने के आदेश दे दिए हैं। जापान एयरलाइंस ने बुधवार और गुरुवार को निर्धारित 172 घरेलू उड़ानें और छह इंटरनेशनल उड़ानें रद्द कर दीं। जबकि एएनए ने बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को निर्धारित 219 घरेलू उड़ानें और चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। इससे लगभग 25000 लोग प्रभावित होंगे।

इतना ही नहीं क्यूशू रेलवे ने कहा कि बुधवार रात से कुमामोटो और कागोशिमा चुओ के बीच कुछ शिंकानसेन बुलेट ट्रेन सेवाओं को निलंबित कर दिया जाएगा। टोक्यो और क्यूशू के सबसे अधिक आबादी वाले शहर फुकुओका के बीच ट्रेनें भी इस सप्ताह मौसम की स्थिति के आधार पर रद्द की जा सकती हैं। क्यूशू क्षेत्र में डाक और डिलीवरी सेवाएं भी निलंबित कर दी गई हैं। सुपरमार्केट और अन्य दुकानों ने समय से पहले बंद करने की घोषणा की है।

सेना ने 3 आतंकियों को मुठभेड़ में किया ढेर

श्रीनगर 29 अगस्त। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा और राजौरी में 2 अलग-अलग मुठभेड़ में 3 आतंकियों के मारे-जाने की खबर है. मुठभेड़ खत्म होने के बाद 2 से 3 अन्य आतंकियों की मौत की पुष्टि हो सकती है. सेना ने बताया कि हमें आतंकियों के घुसपैठ की खुफिया जानकारी मिली थी. 28-29 अगस्त की देर रात खराब मौसम के बीच संदिग्ध गतिविधि देखी गई. सेना और पुलिस ने माछिल और तंगधार में जॉइंट ऑपरेशन चलाया. इसके बाद फायरिंग शुरू हो गई. सेना ने बताया कि दोनों जगह सर्च ऑपरेशन जारी है. अभी मारे गए आतंकियों के शव बरामद नहीं हुए हैं. इलाके में और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है. भारतीय सेना को खुफिया जानकारी मिली थी कि आतंकवादी घुसपैठ करने की फिराक में हैं. चिनार कॉर्प्स ने 29 अगस्त को ङ्ग पर एक पोस्ट में कहा कि घुसपैठ की आशंकाओं के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर घुसपैठ विरोधी अभियान चलाया. एक आतंकवादी के मारे जाने की संभावना है. उन्होंने कहा कि अभियान अभी जारी है. इस बीच, जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में 28 अगस्त को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. अधिकारियों ने बताया कि 28 अगस्त को रात 9ः30 बजे गांव खेरी मोहरा लाठी और दंथल इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया. जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा, कि तलाशी अभियान के दौरान 28 अगस्त को रात करीब 11:45 बजे आतंकवादियों के साथ संपर्क स्थापित हुआ और खेरी मोहरा इलाके के पास आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई.

थाना घेराव मामले में 150 लोगों पर जुर्म दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई । भिलाई तीन थाने का घेराव करने वाले तीन नामजद आरोपितों सहित पुलिस ने करीब डेढ़ सौ कांग्रेसियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाई-3 पुलिस की इस कार्रवाई से कांग्रेस में हड़कंप मच गया है। वहीं इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि वह लोग न्यायालय में इसके खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे बता दें कि बजरंग दल द्वारा भिलाई तीन के सिरसा गेट चौक पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से दुर्व्यवहार के मामले ने खासा तूल पकड़ा था इस मामले में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस ने दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला को ज्ञापन सौंपते हुए 27 अगस्त को भिलाई तीन थाना घेरने की चेतावनी दी थी। इससे पहले भिलाई चरोदा निगम के सभापति कृष्णा चंद्राकर समेत छह कांग्रेसियों पर अपहरण का मामला दर्ज हो गया तय कार्यक्रम के तहत कांग्रेस ने थाने का घेराव किया पुलिस ने इस दौरान लाठी चार्ज कर दिया अब खबर आ रही है कि थाना घेराव मामले में पुलिस ने भिलाई चरोदा निगम के महापौर निर्मल कोसरे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव सुजीत बघेल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज मढ़रिया समेत 150 कांग्रेसियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, पुलिस कर्मियों से मारपीट सहित अन्य गैर जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि थाना घेरने के मामले में कई लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है खिलाफ धारा 189(2), 190, 221, 132, 121, 132, 121, 324(2), 126(3) और लोक संपत्ति का नुकसानी का निवारण अधिनियम 1984 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है

एक नजर

अमानत में ख्यानत, जुर्म दर्ज

भिलाई, 29 अगस्त। भिलाई यार्ड में खड़ी टाटा सिग्ना वाहन को बिना मालिक को बताए लाभ लेने के लिए उपयोग करने वाले आरोपी विशाल शाही के खिलाफ प्राथिर्या ने शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थिया की शिकायत पर खुर्सीपार पुलिस ने अमानत में खयानत करने वाले आरोपी के खिलाफ धारा 406, 407 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि रायपुर निवासी सुनैना महाशय पति रमेश महाशय ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पति रमेश महाशय गाड़ी चलाने का काम करते हैं। उन्होंने न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के सर्वेयर उत्कर्ष सिंगवेकर से एक्सीडेंटल वाहन टाटा सिग्ना क्रमांक पीबी 02 डी एफ 6595 को 6,80,000 रुपए में क्रय किया था सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने उक्त वाहन को राजेश पटेल के यार्ड में 150 रुपए प्रतिदिन किराए पर खड़ी कर दिए थे। जिसे आरोपी विशाल शाही बिना इन लोगों को सूचना दिए ही ट्रक को लेकर चला गया और उसका उपयोग कर रहा था पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ 66 लोगों ने उठाया

भिलाई, 29 अगस्त। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा 27 अगस्त को ग्राम नारधा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ निशि मिंज, बीपी, शुगर एवं रक्त जांच हेतु श्रीमती फिरोजा जोसेफ व अशरफ अली, फार्मासिस्ट श्रीमती सुशन जैकब, पंजीयन हेतु मंजूर अली तथा विभाग की ओर से श्रीमती रजनी रजक उपस्थित थी। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में कुल 66 लोगों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं प्रदान की गई।

कृष्ण जन्मोत्सव में बच्चों को बांटी बांसुरी, भजन में झूमे भक्त

भिलाई, 29 अगस्त। पंचशील पंजाबी एसोसिएशन की ओर से पंजाबी पैलेस सेक्टर-5 के प्रांगण में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष नरेश खोसला व महासचिव राकेश ढोंढ़ी ने बताया कि खचाखच भरे प्रांगण में झूला सजाकर मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की गई। इस दौरान अंकित तिवारी आर्केस्ट्रा की टीम ने भजनों ने,सबका मन मोह लिया। सबने झूमते नाचते जन्मोत्सव के पर्व का भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व कार्यकारी प्रमुख विनोद अरोरा, अशोक कुमार, अरुण हांडा, अरुण परती,अरुण ग्रोवर,दीपक भाटिया,सुभाष चंद्रा, राज मलिक, रवि मेहता, एससी नंदा, अजय विनायक,सुभाष गुलाटी, अजय भसीन और दीपेन हालदार सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान बच्चों के बीच बांसुरी बांटी गई। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए भिलाई-चरौदा निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को दिये निर्देश

भिलाई-चरौदा। भिलाई-चरौदा निगम में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें सफाई और स्वच्छता से संबंधित बिंदुओं पर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश निगम कमिश्नर द्वारा उपस्थित जनो को प्रदान किये गये। खुले में कचरा फेंकने वालों और नाली में कचरा डालकर उसे जाम करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश बैठक में निगम कमिश्नर द्वारा प्रदान किये गये। साथ ही प्रतिबंधित पॉलीथिन-प्लास्टिक का उपयोग करने वालो पर चालानी कार्यवाही करने के साथ येलो स्पॉट और रेड स्पॉट का चिन्हांकन कर उचित कार्यवाही करने राजपूत द्वारा मौके पर मौजूद स्वच्छता निरीक्षक को निर्देशित किया गया। इस दौरान सफाई में लगे कर्मचारियों को गमबूट-दस्ताने सहित अन्य सुरक्षात्मक उपकरण भी उपलब्ध कराने की बात कमिश्नर राजपूत द्वारा कही गयी। बैठक के दौरान कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता किशलय साहू, उप अभियंता मुकेश चंद्राकर, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता वैभव त्यागी ये सभी अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

फाइट द बाइट अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

भिलाई-03। नगर निगम भिलाई-चरौदा के निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत से प्राप्त निर्देशानुसार निगम स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा सघन अभियान के तहत नगर के सभी व्यापारियों, दुकानदारों से संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रयास करने अपील की जा रही है। इसके साथ ही आज निगम की टीम द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करते पाये गए दुकानदारों के विरुद्ध भी चालानी कार्यवाही करते हुये शमशाद चिकन दुकान, माही किराना स्टोर्स, बालाजी नाश्ता सेंटर, हरिओम किराना स्टोर से 2300/- अर्थदण्ड वसूल किया गया एवं प्लास्टिक जब्त किया गया। कार्यवाही के दौरान स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, सफाई दरोगा कौशल तिवारी, सुपरवाईजर पवन कुमार, सुपरवाईजर अरुण कुंजाम, कार्य सहायक ग्रेड-02 येवेन्द्र वर्मा एवं चन्द्रिका प्रसाद साहू उपस्थित रहे।

कार्यशाला में भाजपा सदस्यता अभियान की प्रक्रिया बताई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 29 अगस्त। इसमें प्रमुख रूप से सदस्यता अभियान प्रभारी अहिवारा विधानसभा विधायक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने बताया कि उतई मंडल अव्वल रहेगा 7 पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने कहा संगठन के प्रति समर्पण रखने वाले लोगों को ज्यादा से ज्यादा महत्व दे तभी यह अभियान सही मायनों में संगठन को मजबूती प्रदान करेगा। जिला मंत्री रोहित साहू ने सदस्यता अभियान सदस्य बनने की प्रक्रिया कार्येकर्ताओ को बताई। भाजयुमों प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर ने बताया अब तक के सबसे बड़े सदस्यता अभियान के सहभागी बने इससे लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित करे। सदस्यता अभियान में युवा मोर्चा कि अहम भूमिका होगा। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने दी। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सोनू राजपूत ने कि आभार प्रदर्शन किसान मोर्चा के महामंत्री अजीत चंद्राकर ने कि इस अवसर पर मंडल महामंत्री पुकेश चंद्राकर, किसान नेता टीकाराम साहू, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, ग्राम सरपंच श्रीमती मंजू वर्मा,उतई नगर अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू,अंडा उपसरपंच अमित,सरपंच वामन साहू,भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु,भिलाई-3 पार्षद तुलसी ध्रुव, उतई महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शीतला ठाकुर,भाजयुमों महामंत्री करण सेन,डिलेश साहू,शुभम वर्मा,राजूलाल साहू,पार्षद सतीश चंद्राकर, चंदु देवांगन, देवेंद्र भारती,फलेंद्र सिंह राजपूत,हरीश यादव,अनिल साहू,नवाब खान,वैभव देवांगन, ममता साहू,कन्हैया साहू,शुभम सोनी,बसंत देवांगन, हुबलाल चंद्राकर, योगेश साहू,दनेश्वरी देशमुख,बिमला,शीतल रात्रे,ममता चंद्राकर,लता सोनवानी,सुनीता वर्मा,संगीत रजक,रंजना चंद्रकार, लक्ष्मी बंजारे,नूतन निर्मलकर, मानी निषाद,किशन यादव,मोहन साहू,हितेश्वर साहू,लेखराम साहू,शत्रुहन साहू,सागर वर्मा,रूपेश पारख,चिंटू सिन्हा,ओपी चंद्राकर,लेखुदास साहू,टेकसिंह साहू,मंशा भारती,रूपनारायण शर्मा सहित बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आरक्षक निलंबित

भिलाई, 29 अगस्त। भिलाई संदिग्ध आचरण और गोपनीयता भंग करने वाला आरक्षक 829 विवेक पोद्दार को दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने निलंबन की कार्रवाई किया है इसके बाद एसपी ने विवेक को पुलिस लाइन अटैच किया गया है आरक्षक पर आरोप है कि छावनी के एनडीपीएस के एक मामले में गोपनीयता भंग किया इस दौरान आरक्षक को जीवन निर्वाह करने भत्ते की पात्रता होगी ।

ओर हैंडलिंग प्लांट ने वैगन अनलोडिंग का बनाया नया दैनिक रिकॉर्ड

भिलाई, 29 अगस्त। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ओर हैंडलिंग प्लांट ने वैगन अनलोडिंग का नया दैनिक रिकॉर्ड बनाया है। 27 अगस्त 2024 को रिकॉर्ड 759 वैगनों की अनलोडिंग कर, 15 जुलाई 2024 को दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ दैनिक रिकॉर्ड 756 वैगन अनलोडिंग को पार किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने ओर हैंडलिंग प्लांट, टी एंड डी और अन्य सभी संबद्ध विभागों की टीमों को बधाई दी।

नाबालिग लड़की को बहला फुलाकर अपहृत करने वाला गिरफ्तार

कवर्धा, 29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। दामापुर थाना कुंडा क्षेत्र में प्रार्थी द्वारा चौकी हाजीर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया की इसके नाबालिक बहन को किसी अज्ञात आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है की रिपोर्ट पर चौकी दामापुर थाना कुंडा में अपराध क्रमांक 154/ 24 धारा 137(2) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया था द्य विवेचना दौरान पता चला कि आरोपी और अपहृता रायपुर में हैं

की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया द्य मामला महिला संबंधी एवम संवेदनशील होने से श्रीमान पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के द्वारा त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिया गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व पुष्पेंद्र बघेल, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी महेश प्रधान के निर्देश पर चौकी प्रभारी विमल लावनिया के नेतृत्व में टीम तैयार कर पतासाजी हेतु रायपुर भेजा गया जो आरोपी और अपहृता रायपुर में मिलने पर अपहृता को आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया, साथ लाया गया अपहृता से महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पुछताछ करने पर बताया की आरोपी खुमान दास मानिकपुरी पिता चुम्मन दास मानिकपुरी उम्र 20 साल साकिन बिरोदा थाना अभनपुर जिला रायपुर द्वारा शादी का प्रलोभन देकर अपहृता को नाबालिक जानते हुए बालात्कार किया है। आरोपी खुमान दास मानिकपुरी पिता चुम्मन दास मानिकपुरी के विरुद्ध अपराध धारा 137(2), 87, 64, 3(5) बी.एन.एस., धारा 04 पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत पर आरोपी को जेल निरुद्ध कराया जा रहा है उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक विमल लवानिया उप निरीक्षक ठगिया चंद्रवंशी, सउनि चंद्रभूषण तिवारी, प्र.आर. रघुनंदन चंद्रवंशी, बलदाऊ चंद्रवंशी, आर. दिलीप लहरे, सेवक साहू, नवधा कुमार, शत्रुहन पटेल, म.आर. दुर्गा लहरे का विशेष योगदान रहा है।

स्कूल में छात्र की मौत की जांच जारी

भिलाई, 29 अगस्त। भिलाई स्वामी आत्मानंद स्कूल अहिवारा 8वीं कक्षा के छात्र की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधन और गांव में शोक की लहर है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है

नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि छात्र रोशन ;13 वर्षद्ध ग्राम . कोडिया से हर दिन की तरह वह अहिवारा स्वामी आत्मानंद वार्ड 7 अहिवारा छुट्टी के बाद घर जाने वह बाहर निकल रहा था रोशन एक निजी वाहन में स्कूल आता था जैसे ही वह स्कूल के बाहर निकला अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और रास्ते में ही गाड़ी रुकवाकर उल्टी किया ड्राइवर ने छात्रा को पानी पिलाया और नंदिनी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए अहिवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने को कहाए इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि बुधवार से बच्चों के पेपर थे। शायद इसी कारण वह घर से ही तबीयत खराब में स्कूल आया था वह स्कूल समय में भी पूरी सभी विषयों कक्षा को अटेंड किया नंदिनी पुलिस ने बताया कि मृतक छात्र के शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सुपुर्द किया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामले में अधिक जानकारी मिल पायेगी ।

इस्पात उद्योग, अनुसंधान और तकनीकी संस्थानों के टेक्नोक्रेट भिलाई में एकत्र

भिलाई, 29 अगस्त। देश के विभिन्न हिस्सों से सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के लौह और इस्पात उत्पादक कंपनी, इस्पात निर्माण से संबंधित अनुसंधान और प्रौद्योगिकी संस्थानों के टेक्नोक्रेट, विशेषज्ञ और प्रतिनिधिगण आज 29 अगस्त को डीकार्बोनाइजेशन और बुनियादी ढांचे के विकास का महत्व और भूमिका विषय पर दो दिवसीय भारतीय इस्पात सम्मेलन के उद्घाटन समारोह लिए इस्पात नगरी भिलाई में एकत्रित हुए हैं। आयरन एंड स्टील रिव्यू मैगजीन-कोलकाता, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स (आईआईएम) व भिलाई चैप्टर और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई सेंटर द्वारा सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से संयुक्त रूप से भिलाई में आयोजित किए जा रहे भारतीय इस्पात सम्मेलन का उद्घाटन आज महात्मा गांधी कला मंदिर में एस्सार मिनमेट प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी और सेल के पूर्व निदेशक (तकनीकी) एस एस मोहंती द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रभारी निदेशक अनिर्बान दासगुप्ता उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, आईआईएम-रायपुर के निदेशक प्रोफेसर आर के काकानी, सीएसवीटीयू के कुलपति डॉ एम के वर्मा, एनआईटी-रायपुर के निदेशक डॉ एन वी रमना राव, आईएसआर इन्फोमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी संतोष महंती, आईआईएम भिलाई चैप्टर के उपाध्यक्ष और सीजीएम इंचार्ज तापस दासगुप्ता, अध्यक्ष (आईईआई, बीएलसी) पुनीत चौबे भी उपस्थित रहेंगे।। भिलाई निवास में 30 अगस्त को आयोजित इस सम्मेलन के आठवें और नौवें सत्र में सप्लायर मीट होगी, जिसमें सड़क निर्माण और पेवर ब्लॉक के निर्माण में एलडी स्लैग का अभिनव उपयोग, स्टील उद्योग में डीकार्बोनाइजेशन के लिए जैव ईंधन के उपयोग की संभावना सहित डीप लर्निंग तकनीक का उपयोग करके रोल्ड स्टील के सतही दोषों का स्वचालित पता लगाना आदि विषय पर तकनीकी पेपर प्रस्तुत कर चर्चा भी की जायेगी। साथ ही एमएसीओ प्रस्तुति दी जायेगी।

छात्र-छात्राओं ने की सिटी बस की मांग

कवर्धा, 29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बोडला के आसपास गांव से छात्र छात्राएं कलेक्टर , एसपी , इंजिनियर , डॉक्टर बनने का सपना साकार करने के लिए कवर्धा में कोचिंग सेंटर में और विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम के लिए कालेज और ट्यूशन करने भी आती है । स्टूडेंट्स ने कहा की भाजपा सरकार से अपेक्षा है की सीटी बस की सौगात मिले और बोडला के आसपास गांव से पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को कोई दिक्कत ना हो कवर्धा पहुंचने में । देखा जाता है की बोडला से कवर्धा बहुत कम बस चलती है जो की चिंतनीय विषय है । बुजुर्ग माताएं भी चाहती है की सीटी बस की सौगात बोडला को मिलनी चाहिए जिससे की समय पर बोडला पहुंच जाए । बोडला से कवर्धा तक सिटी बस चले ऐसा कई स्टूडेंट्स ने कहा ।

जिला पंचायत सदस्य 5 की रेस में कई दावेदार

कवर्धा, 29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। काबिरधाम जिला में जिला पंचायत क्रमांक पांच में दावेदारी को लेकर तरुण छत्तीसगढ़ ने चाय दुकान से लेकर निजी राशन दुकान और मेडिकल दुकान सहित पान दुकान , रेस्टारेंट के साथ साथ बस में भी चर्चा की तो कई नामों की चर्चा होती हुई दिखी । लेकिन प्रमुखता से जिला बीजेपी उपाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी , बलदाऊ चंद्रवंशी , जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीराम साहू के नाम को लेकर चर्चा ज्यादा दिख रही है । मुद्दे की बात करे तो महतारी वंदन योजना , महंगाई और विकास और सड़क समस्या को लेकर राय बनती हुई दिखी । चर्चा यह भी होती हुई दिखी की जिला पंचायत अध्यक्ष ओबीसी हो सकता है । लेकिन जिला अध्यक्ष ओबीसी होगी या सामान्य सिर्फ कयास लग रहे है ।

रिसाली में सफाई नहीं तो हर निरीक्षण में हजार रुपये जुर्माना

रिसाली,29 अगस्त। सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों का रख रखाव और सफाई ठीक नहीं होने पर एजेंसी पर 1000 फाइन लगेगा। यह राशि एजेंसी को तब-तब देनी होगी जब-जब निरीक्षण होगा। इसी तरह डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा मिलने पर सफाई कार्य करने वाली एजेंसी के देयक राशि में नियमानुसार कटौती की जाएगी। स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्देश दिए हैं। इसी परिपेक्ष्य में नगर पालिक निगम रिसाली के मुख्य कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे ने सफाई दरोगा, प्लेसमेंट सुपर वाइजर, स्वच्छता श्रृंगार के तहत कार्य करने वाली एजेंसी और सफाई ठेकेदारों की बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छता श्रृंगार के तहत सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय संचालित करने वाले एजेंसी की

जिम्मेदारी बढ़ गई है। एजेंसी को शौचालय के रख रखाव से लेकर सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना होगा। अधिकारी निगम क्षेत्र के 27 शौचालयों को लगातार निरीक्षण करेंगे। अगर निरीक्षण में खामी मिली तो प्रत्येक निरीक्षण के हिसाब से 1000 कटौती की जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार समेत पी.आई.यू. आकाश मिश्रा व विजय कश्यप विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यपालन अभियंता ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर रिसाली नगर पालिक निगम गंभीर है। सफाई ठेकेदार अपने कर्मचारियों से ईमानदारी पूर्वक कार्य ले। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन गीला-सूखा कचरा अलग लेकर एस.एल.आर.एम. में डंप करे। सार्वजनिक जगह में कचरा डंप न करने दे। अन्यथा अनुबंध में उल्लेख नियमों के तहत देयक राशि में कटौती की जाएगी। साथ ही एजेंसी को व्यवसायिक क्षेत्र की लचर सफाई व्यवस्था को सुधारने कहा है। जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी रेड और यलो प्वाइंट पर विशेष निगरानी रखेंगे। सार्वजनिक जगहों पर थूकते पाए जाने या फिर सार्वजनिक जगह पर खुले में पेशाब करते पाए जाने पर जुर्माना वसूल की कार्रवाई करेंगे।

जामुल मंडल में भाजपा का सदस्यता अभियान कार्यशाला आयोजित

जामुल,29 अगस्त। जिला अध्यक्ष के निर्देशानुसार व जिला संयोजक के मार्गदर्शन तथा मंडल संयोजक के नेतृत्व में 27 अगस्त को मंगल भवन शिवपुरी जामुल में सदस्यता अभियान कार्यशाला सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राम उपकार तिवारी, जिला संयोजक रेखराम बंछोर, पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, पूर्व उपाध्यक्ष यशवंत ठाकुर अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक नूतन वर्मा के अध्यक्षता में सुरेश मानिकपुरी द्वारा सभी अतिथि व कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया जिसमे वार्ड 13 के पार्षद व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

महिला मोर्चा श्रीमती कविता बिसलाल, वरिष्ठ पार्षद वार्ड 5 दीपक गुप्ता, युवा पार्षद वार्ड 16 चुम्मन वर्मा, पार्षद वार्ड 14 रामदुलार साहू, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा जितेंद्र साहू, जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा व पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू, जिला मंत्री एससी मोर्चा बी आर रामटेके, कार्यक्रम सहसंयोजक विशेसर वर्मा, अरुण यादव, भानु साहू, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, ठाकुर विक्रम सिंह, कोषाध्यक्ष सुभाष पंचाल, मंडल मंत्री राकेश वर्मा, संजय यादव, शंकर साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी छत्री, राजेन्द्र चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव, एसटी मोर्चा अध्यक्ष दौवा राम ठाकुर, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अजय निर्मल, महामंत्री श्रीमती गायत्री निषाद, वरिष्ठ कार्यकर्ता अश्वनी पांडे, देवदत्त शर्मा, भगवान दास चौहान, पूर्व पार्षद राजेन्द्र वर्मा, अश्वनी यादव, सरस बर्मन, दीपक दाऊ, लल्लन सिंह, ओमप्रकाश साहू, कुलेश्वर वर्मा, रामचंद साहू शिवपुरी, ओम ओबेरॉय, उमेश बर्मन, युवा ब्रिगेड किशन गर्ग, लेखराम पाल, ओमप्रकाश साहू, बुथ अध्यक्ष बजरंग सिन्हा उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा व आभार व्यक्त प्रशांत बंटी गुप्ता द्वारा किया गया।

घुमंतू पशुओं को सड़क से हटाने की जा रही कार्रवाई

भिलाई-03। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा द्वारा नियमित रूप से आवारा घुमंतू पशुओं को सड़क से हटाने की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में निगम कमिश्नर डी एस राजपूत के द्वारा आदेश जारी कर अधिकारियों -कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किये गये हैं। जिसके पश्चात

निगम की टीम द्वारा दोनो ही पाली में सुबह और शाम सड़क पर विचरण करने वाले जानवरों को हटाने की कवायद की जा रही है। दुर्घटनाओं की परिस्थितियों को उत्पन्न न होने देने की मंशा के साथ निगम सफाई-स्वास्थ्य विभाग द्वारा घुमंतू पशुओं को सड़क से हटाया जा रहा है। इसके आलाव जिन पशुपालकों द्वारा अपने जानवर खुले छोडे जाना पाया गया। उन पर भी नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

जनता की सेवा में सदैव तत्पर है विष्णु देव सरकार:लक्ष्मी राजवाड़े

■ बीरपुर कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में सुनी लोगों की समस्याएं

रायपुर, 29 अगस्त। महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़ेमहिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा सूरजपुर जिले के बीरपुर स्थित निज निवास में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को उनके समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं और शिकायतों के साथ पहुंचे। श्रीमती राजवाड़े ने व्यक्तिगत रूप से हर व्यक्ति की समस्या को सुना और उसे समझने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनता और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित करना था, ताकि लोग अपनी समस्याओं को बिना किसी बाधा के सीधे मंत्री जी तक पहुंचा सकें। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने इस अवसर पर कहा, हमारी सरकार जनता के प्रति पूरी तरह से जवाबदेह है। आपकी समस्याएं हमारी समस्याएं हैं, और उनका समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। जनदर्शन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है कि हम जनता से सीधा संवाद करें और उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को जनता की समस्याओं का निराकरण तय समय सीमा में करना होगा, और उनके प्रति जवाबदेह रहना होगा। जनदर्शन कार्यक्रम में मंत्री ने विशेष रूप से कमजोर वर्गों, वृद्ध नागरिकों और महिलाओं की समस्याओं पर ध्यान दिया। श्रीमती राजवाड़े ने महिलाओं के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में भी चर्चा की और उन्हें इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील की और कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनदर्शन कार्यक्रम के समापन पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, ष्हमारी सरकार हर नागरिक की सेवा के लिए तत्पर है। आप अपनी समस्याओं को निःसंकोच हमारे सामने रखें, और हम उन्हें हल करने का पूरा प्रयास करेंगे। यह कार्यक्रम हमारी प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है कि हम जनता के साथ मिलकर उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के जनदर्शन कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके ।अंत में, उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए नियमित दौरे करें और जनता की जरूरतों का समय पर समाधान करें।

एक नजर

रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 30 अगस्त को

राजनांदगांव 29 अगस्त। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 30 अगस्त 2024 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से फॉयर एण्ड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट राम नगर सुपेला भिलाई द्वारा केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिए सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50, फॉयर मेन के 20, सिक्यूरिटी गार्ड के 150, हैवी लायसेंस ड्राईवर के 10 एवं महिला व पुरूष अभ्यर्थियों के लिए होम केयर टेकर सर्विसेस के 100 तथा एसआईएस इंडिया प्रायवेट लिमिटेड सिंगरौली मध्यप्रदेश द्वारा केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिए सिक्यूरिटी गार्ड के 360 व सिक्युरिटी सुपरवाईजर के 140 पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य हैं।

क्लार्ट मैप के आधार पर जल संरक्षण के कार्य कराये जाने के निर्देश

धमतरी 29 अगस्त। जिला पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने धमतरी जिले के डुबान क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक ली। इस समीक्षा बैठक में धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत अरौद (डु), अकलाडोंगरी, चिखली, तिर्रा, कोड़ेगांव (बी), कोड़ेगांव (रै), मोंगरागहन के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक के अलावा उपसंचालक पंचायत, जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनपद पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दीपक ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थे। शासन की महत्वपूर्ण योजना- जल जीवन मिशन, श्रम कार्ड पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर सीईओ जिला पंचायत ने सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण करने तथा डुबान क्षेत्र के हितग्राहियों को योजनांतर्गत सुविधाओं से लाभान्वित करने निर्देशित किया। प्रत्येक ग्राम पंचायत से लखपति दीदी का सर्वे करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी पंचायतों में ट्राई रिक्शा दी गई है। स्वच्छता की दृष्टिकोण से स्वच्छता दीदीयों के माध्यम से कचरा कलेक्शन करने के साथ साथ स्वच्छता शुल्क, जलकर शुल्क लेना सुनिश्चित करें ताकि पंचायत की आमदनी में वृद्धि हो। नाडेप के स्वीकृत सभी कार्य को पूर्ण करावें। आंगनबाड़ी केंद्र से गर्भवती महिलाओं की सूची प्राप्त कर श्रम विभाग से पंजीयन कराई जावें तथा योजनांतर्गत मिलने वाली सुविधाओं से लाभान्वित करने पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया। पंचायतों में सचिव जन्म मृत्यु पंजी का संधारण करें वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत लाभान्वित किया गया है एवं पंजीकरण किया जाना है ऐसे हितग्राहियों की सूची जिला कार्यालय को प्रेषित करें ताकि पंचायत में शिविर आयोजित कर प्रत्येक हितग्राही का अनिवार्य रूप से पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की जा सके। पंचायत सचिव और रोजगार सहायक यह भी सुनिश्चित करें कि हितग्राहियों का बीमा हुआ है या नहीं, मृत्यु पंजी के आधार पर संबंधित नामित हितग्राही को बीमा का लाभ मिला या नहीं का डाटा संग्रहित कर जिला कार्यालय को भेजे जाने सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया। उन्होंने डुबान क्षेत्र के रहवासियों को जमीनी स्तर पर पेयजल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान सम्मान निधि जैसे शासन की महत्वपूर्ण योजना से प्राथमिकता से लाभान्वित करने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। विकासखंड धमतरी के डुबान क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 1046 आवास स्वीकृत हैं जिसमें 995 आवास पूर्ण हो चुके हैं शेष अपूर्ण आवासों को 30 सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिए। जल जीवन मिशन के तहत हर घर में पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

कृषि वैज्ञानिकों ने धान में तनाछेदक कीट के प्रभावी नियंत्रण के बताए उपाय

रायपुर 29 अगस्त। कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा के पौध रोग वैज्ञानिक श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कीट वैज्ञानिक डॉ. योगश कुमार सिदार, कृषि अभियांत्रिकी वैज्ञानिक डॉ. परमानंद साहू व चिराग परियोजना के एस.आर.एफयामलेशवर भोयर ने बताया कि वतज़्मान मे जिले के धोबनपाल, मुरतोंडा, नीलावरम, तोगपाल, पुजारीपाल, सोनाकुकानार, नयानार का मैदानी भ्रमण के दौरान धान के खेत मे तना छेदक कीट का आक्रमण दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि इस कीट की इल्ली अवस्था, फसल को नुकसान पहुंचाती है। इस कीट की चार अवस्था होती है अण्डा, इल्ली, शंखी व तितली। मादा तितली पत्तियों की नोंक के पास समूह मे अंडें देती है। अंड़े से इल्ली निकलती है जो हल्के पीले रंग की होती है। इल्ली निकलने के बाद, इल्ली पहले पत्तियों को खाते हुए धीरे-धीरे गोभ के अंदर प्रवेश करती है, जिससे पौधे की बढ़वार रूक जाती है। कीट पौधे के गोभ के तने को नीचे से काट देती है, जिससे धान के पौधे का बीच वाला हिस्सा सूख जाता है। सुखे हुए हिस्से को मृत गोभ (डेड हाटज़) कहते है। इस कीट का प्रकोप बालियां निकलने के समय होता है जिससे फसल को भारी नुकसान होता है। बालियों में दाना का भराव नहीं हो पाता है और बालियां सूख कर सफेद रंग की हो जाती हैं जिसे सफेद बालियां (व्हाइट हेड) कहते हैं। प्रभावित बालियों को खीचने पर आसानी से बाहर निकल जाता है। कई बालियों में इल्ली अंदर दिखाई देता है।

कृषि वैज्ञानिकों ने इसके नियंत्रण के लिए कई प्रभावी उपायों के बारे में बताया जिसमें रोपाई करते समय पौधे के ऊपरी भाग को थोड़ा सा काटकर रोपाई करना चाहिए। खेतो एवं मेड़ो को खरपतवार मुक्त रखें। संतुलित मात्रा में पोषक तत्वों का उपयोग करें। खेत की समय-समय पर निगरानी करें तथा अण्डे दिखाई देने पर नष्ट कर दे। खेतों मे चिड़ियो के बैठने के लिए टी आकार की पक्षी मिनार लगाए। नर तितली को आकषिज़्त करने के लिए फेरोमोन ट्रैप लगाए। रात्रि चर कीट को पकड़ने के लिए प्रकाश प्रंपच या लाइट खेतों में लगाए। अण्ड परजीवी ट्राइकोग्रामा जॉपोनिकम के 50 हजार अण्डे प्रति हेक्टेयर की दर से दो से तीन बार खेत में छोड़ना चाहिए।

महिला का गुमा पर्स पुलिस ने खोज कर लौटाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 29 अगस्त। सिटी कोतवाली पुलिस ने लोगों के मोबाइल और पैसे तथा गहने आदि गुमने के आवेदनों पर बड़ी संख्या में कार्यवाही कर लोगों को उनकी गुमी चीजे कई बार लौटाई है। इसी कड़ी में एक महिला का पर्स बस में यात्रा करते समय गुम गया था। जिसमें नगदी व गहने समेत हजारों रुपए थे। जिन्हें पुलिस ने संक्षिप्त अभियान चलाकर बसों की चेकिंग की जिसमें उन्हें उक्त महिला का गुमा पर्स बस के अंदर सीट के नीचे मिला। जिसे आवेदिका को लौटाया गया। अपना घुमा धन वापस पाकर महिला ने कोतवाली पुलिस को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज 27 अगस्त को प्रार्थियां श्रीमती कस्तुरी अग्रवाल पति अजय अग्रवाल उम्र 52 वर्ष निवासी डोंगरगांव जिला राजनांदगांव जो डोंगरगांव से बस में बैठकर राजनांदगांव आई थी। और अपने पास रखी पर्स व नगदी 25 हजार रूपये एवं 02 नग चांदी के सिक्के को पर्स सहित गुम जाने की सूचना थाना कोतवाली राजनांदगांव में आकर दी गई। प्राथियां किस बस में बैठकर राजनांदगांव पहुंची थी। उस बस की जानकारी उसे नहीं थी। कि सूचना पर थाने से तत्काल पुलिस स्टॉफ भेजकर डोंगरगांव से राजनांदगांव आई बसों को चैक चैराहो में लगे सीसीटीव्ही के फुटेज के माध्यम से चेक करने पर उक्त महिला भदौरिया चैक के पास बस क्रमांक सी0जी0 07-एल.पी.-9529 हरिओम ट्रेवहल्स से उतरते दिखाई दी। किन्तु अपने साथ पर्स लेकर उतरते दिखाई नहीं दे रही थी। उक्त बस के कण्डेक्टर डिम्पल साहू को तलाश कर पूछताछ कर बस को चेक कराया गया तो जिस सीट पर बैठी थी, उसी सीट के नीचे महिला का पर्स गिरा हुआ था। पर्स में महिला का नगदी रकम 25 हजार रूपये व चांदी के 02 नग सिक्के सुरखित रखा था। जिसे ढुंढकर प्राथियां को सौपा गया। जिस पर प्रार्थियां द्वारा कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्यवाही से खुश होकर सभी स्टाफ को धन्यवाद दिया गया।

मनमोहना गोविंदा टीम सलोनी ने फोड़ी दही हांडी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 29 अगस्त। कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर ग्राम सेंदरी ठाकुरटोला के निवासियों ने गोविंदा उत्सव का कार्यक्रम 26 तारिक को ही रखे थे, ग्राम के साथ साथ आस पास के करीब 10 गॉव के लोग गोविंदा देखने पुहंचे जिसका भीड़ देखते ही बनता था, इस कार्यक्रम में भाग लेने , ग्राम मुरमुन्दा की टीम, ग्राम अंडी की टीम ग्राम घोटिया (तोतलभर्री)की टीम एवं ग्राम सलोनी के मनमोहना गोविंदा ग्रुप गोविंदा लूटने पहुचे थे। बड़े क्रेन पर बंधा गोविंदा को सब देखकर खुश हुवे एवं स्त्रद्ध बॉक्स पर बज रहे भजन पर लोगो ने खूब नृत्य किया। फिर पारी पारी से सब टीमो को गोविंदा लूटने का अवसर प्राप्त होता गया ,कोई भी टीम गोविंदा की मटकी तक पहुच नही पा रहे थे उसी बीच तीसरे राउंड की बारी आई पहले अनडी की टीम को मौका मिला वो लूटने में असमर्थ हुवे ततपश्चात मनमोहना ग्रुप सलोनी को 15 मिंट का मौका मिला जिसमे पहले 10 मिंट में सलोनी की टीम भी 2 बार ऊपर से गिर गए थे,फिर भी हार न मानते हुवे बचे 5 मिंट में पुनः प्रयास किये और इस बार मटकी को फोड़कर कर मनमोहना ग्रुप सलोनी ने दर्शकों का मन मोह लिया, इस गोविंदा को देखने आस पास के स्थानीय नेताओं के साथ,पुलिस ऑफिसर लोग भी पहुचे थे, मनोहना ग्रुप सलोनी के सदस्यों को जीत कि बधाई देते हुवे पूछा गया कि ,आपके गोविंदा टीम का उद्देश्य क्या है और आप लोग इतनी परिश्रम कैसे कर लेते है। तो गोविंदा टीम के सदस्य श्री भूपेंद्र दास वैष्णव ने बताया कि हमारा टीम जन्माष्टमी से 15 दिन पूर्व लगातार ट्रेनिग करती हैं उसी के बदौलत हम गोविंदा उत्सव में लगातार जीत प्राप्त करते है पर हम लोग का उद्देश्य मात्र जीत हासिल करना नही है हमारा लक्ष्य सनातन धर्म ,हिन्दू संस्कृति को विश्व धरोहर बनाना है, हमारी पीढ़ी पश्चात संस्क्रति के चक्कर मे अपने ही संस्कृति को भूल रही हैं,इसलिए हमारा कर्तव्य बनता हैं कि हम हमारी संस्कृति को बचा कर रखे और इस संस्कृति को विश्व मे फैलाये।

ई-वेस्ट मॉडल प्रदर्शनी में जिले के 73 विद्यार्थियों ने पेश किए अपने 60 मॉडल

धमतरी 29 अगस्त। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की पहल पर विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को ई-कचरा प्रबंधन पर कार्य करने की प्रेरणा जिले में दी जा रही है। इसके मद्देनजर आज स्थानीय प्राथमिक शाला क्रमांक 01 धमतरी में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के 73 विद्यार्थियों ने कुल 60 मॉडल प्रदर्शित किये। इनमें डॉ शोभाराम देवांगन शा उ मा वि धमतरी, शिव सिंह वर्मा शा आदर्श उ मा वि धमतरी, नत्थूजी जगताप शा उ मा वि धमतरी, शा उ मा वि रांवा, सेजेस कंडेल, सेजेस बठेना, सेजेस गोकुलपुर, मॉडल इंग्लिश स्कूल धमतरी, विद्याकुंज मेमोरियल स्कूल हटकेशर, शा उ मा वि रूद्री, शा मा शाला कंडेल नवागांव, केन्द्रीय विद्यालय धमतरी और शा उ मा वि संबलपुर के विद्यार्थी शामिल हुए। इन मॉडलों का अवलोकन एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल और डिप्टी कलेक्टर श्रीमती कल्पना ध्रुव द्वारा ने किया तथा बच्चों के मेहनत की सराहना की। साथ ही ई-कचरा प्रबंधन से और अच्छे विज्ञान मॉडल बनाने की प्रेरित किया। गौरतलब है कि जिले के सभी विद्यालयों में संचालित यूथ एवं इको क्लब के छात्रों को ई-कचरा प्रबंधन पर कार्यशील मॉडल एवं खिलौना निर्माण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता लाने की पहल की जा रही है। इसी कड़ी में इस माह ई-कचरा पर विशेष कार्य किया गया। यह यूथ एवं इको क्लब के माध्यम से किए जाने वाले कार्य हैं, इसलिए सभी ईको क्लब के छात्रों के साथ ई-कचरा प्रबंधन पर जागरूकता के साथ-साथ ई-कचरा का प्रयोग कर चारां विकासखण्डों में कार्यशील मॉडल एवं खिलौना निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विकासखण्ड स्तरीय प्रदर्शनी में धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी से विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

6 सितम्बर को दिल्ली में स्वामी स्वरूपानन्द के जन्म शताब्दी समारोह में साईं मसन्द होंगे शामिल

रायपुर 29 अगस्त। इस बार श्रीज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज का चातुर्मास व्रत महोत्सव आगामी 17 सितम्बर तक दिल्ली में आयोजित है। उनके चातुर्मास व्रत महोत्सव के अंतर्गत गत् वर्ष ब्रह्मलीन हुए उनके पूज्य गुरुदेव, शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज का 6 सितम्बर को जन्म शताब्दी समारोह आयोजित किया गया है। स्थानीय मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसन्द साहिब इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु 5 सितम्बर को प्रातः 5 बजे दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली में वे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मिलेंगे। साईं मसन्द कोटा राजस्थान के एक धार्मिक कार्यक्रम में हर साल विशिष्ट अतिथि रहते हैं, जहां उनकी श्री ओम बिरला से भेंट होती रही है। उल्लेखनीय है कि 1962 में हुए भारत चीन युद्ध के समय से अब तक देशहित में निरंतर सक्रिय रहने वाले सिंधी समाज के विख्यात संत साईं मसन्द का महान स्वतंत्रता सेनानी रहे स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज से सन् 1969 से आत्मीय सम्बन्ध रहे हैं। वे उनके अंतिम समय में भी नरसिंहपुर जिले में स्थित परमहंसी गंगा आश्रम में उपस्थित थे। उनके उत्तराधिकारी शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज से भी उनके लगभग 8 वर्षों से बड़े आत्मीय सम्बन्ध हैं। साईं मसन्द 12 वर्षों से शंकराचार्यों एवं अन्य बड़े संतों के सहयोग से देश में सर्वजन हितकारी वैदिक सिद्धांतों पर आधारित शासन की स्थापना करवाकर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का अभियान चला रहे हैं। दिल्ली में वे एक सप्ताह शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द महाराज के अतिथि रहेंगे। वहां से वे सिंधी समुदाय के महान संत सखीबाबा आसूदाराम साहिब जी के वर्सी महोत्सव में शामिल होने 12 सितम्बर को लखनऊ जाएंगे। इसके पहले रविवार 8 सितम्बर को वे दिल्ली स्थित सिंधी समुदाय की सभी पूज्य सिंधी पंचायतों, समाजसेवी संस्थाओं, झूलेलाल मंदिरों आदि के प्रमुख पदाधिकारीयों एवं वरिष्ठ सिंधी पत्रकारों आदि की शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज से उनके चातुर्मास व्रत स्थल नरसिंह सेवा सदन पीतमपुरा में प्रातः साढ़े ग्यारह बजे सौजन्य भेंटवार्ता कराएंगे। इन सबके दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी उन्होंने वहीं शंकराचार्य महाराज के यहां रखवाई है।

दही लूट के दौरान दही हांडी का खंबा टूट जाने से एक नाबालिग की घटनास्थल पर ही मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 29 अगस्त। प्रसिध्द धर्मनगरी के शहरी क्षेत्रों में छुटपुट घटनाओ के साथ गोविंदा उत्सव शांति पूर्ण ढंग से देर रात तक संपन्न हो गया तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम पारागांव खुर्द में दही लूट उत्सव के दौरान दही हांडी का खंबा के टूट जाने से एक नाबालिक दर्शक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तो वहीं एक अन्य के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है।

धर्मनगरी में गोविन्दा उत्सव बड़ी ही धूमधाम व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सोमवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव रात्रि 12 बजे मनाने के बाद दही हांडी लूट का कार्यक्रम मंदीर परिसर में किया गया और मंगलवार सुबह से ही नगर के चौक चौराहे व गलियों में ग्वालों की टोली भगवान श्री कृष्ण के डोले के साथ दुल्हन की तरह सजी धर्मनगरी के हर चौक चौराहों पर गड़े हुए मलखम तथा रस्सी से बंधी हुई दही हांडी को लूटकर भगवान् श्री कृष्ण के जयकारे के साथ नगर भ्रमण का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष के अनुसार रामानंद प्रकाशचंद्र गट्टांनी के निवास से रामकृष्ण कनौजिया के निवासस्थल पहुंचकर गोविंद उत्सव समिति के लोगों ने सजे डोले को लेकर बैंडबाजे के साथ महावीर मंदीर पहुंचे जहाँ भगवान् कृष्ण की विधि विधान से पूजा अर्चना विधिवत् कर प्रतिमा को डोले में सजाकर शहर भ्रमण के लिए निकाला गया। सर्वप्रथम महावीर मंदीर प्रांगण में दही लूट की गई इसकी शुरुआत के साथ परिसर में आला रे आला गोविंदा आला, हाथी घोड़ा पालकी जै कन्हैया लाल की जयकारे के साथ ग्वालों की टोली महावीर पारा, थाना चौक, ठेठवारपारा, नया बस स्टैंड, हाई द्यस्कूल चौक,भगतसिंग चौक, 1 बत्ती 5 रास्ता, भंडारीचाल, बुधवारीपारा, गुरुद्वारा चौक, रेलवे चौक, रेलवे कालोनी, गुरुनानक चौक, खंडुपारा, जयस्तम्भ चौक, गोल बाजार होते हुए महावीर मंदीर पहुँच समापन किया गया। नगर भ्रमण के दौरान जगह जगह पर भक्तो के द्वारा डोला रोककर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस दौरान भ्रमण करने वाले टोली में प्रमुख रूप से डोंगरगढ़ विधायिका हर्षिता स्वामी बघेल, अनिल गट्टानी, रामकृष्ण कनौजिया, संजू गोमास्ता, बबलू शांडिल्य, करनैल सिंग भाटिया, राजू जैन, रामजी तराने, मनोज अग्रवाल, पूर्व विधायक धनेश पाटिला,रामजी भारती विनोद खांडेकर, भुनेश्वर बघेल सहित थानेश्वर पाटिला मधु नरेडि, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, विश्वनाथ यादव, चंद्रप्रकाश मिश्रा, महेंद्र परिहार, अजय सिंग ठाकुर, हरविंदर एस मंगे, प्रकाश बिंदल, हरीश भंडारी, लोकनाथ भारती, अजय ठाकुर, हनी गुप्ता, बब्बू भाटिया, कन्हैया वर्मा सहित हजारो की संख्या में भक्तजनों की भीड़ देखते बन रही थी। यह कार्यक्रम देर रात रात्रि 03 बजे तक संपन्न हुआ। कुछ गोविंदा उत्सव समिति के प्रमुखों के द्वारा दही लूट करने वाली टोलीयों के लिए बड़ी मोटी रकम पुरस्कार देनें की घोषणा की गई थी जो प्रमुख रूप से आर्कषण का केंद्र बनी हुई थी। इस दौरान गोल बाजार में हनुमान भक्त युवा समिति गोविंदा उत्सव समिति के द्वारा 45555/- रु का ईनाम तो हाईस्कूल ग्राउंड में हाईस्कूल गोविंदा उत्सव समिति के द्वारा 55555/- रू का ईनाम व नाकापारा वार्ड न. 01 में मोर्या ब्वायस गोविंदा उत्सव समिति के द्वारा 44444/- रु की राशि तो देवनगर दंतेश्वरी पारा में देवार युवा संगठन गोविंदा उत्सव समिति के द्वारा दही लूट करने वाली टोलियों के लिए 41111/- रू के पुरुस्कार की घोषणा की गई थी। इन स्थानों पर देर रात तक दहीलुट का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

समाचार संक्षेप

बैंड बाजा के साथ निकाली विजर्सन यात्रा, तीन दिवसीय जन्मोत्सव का हुआ समापन

राजनांदगांव 29 अगस्त। मराठा मंडल लोहारपारा ने तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। मराठा मंडल के सदस्यों व पदाधिकारियों के घरों में विगत 50 वर्षों तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत अष्टमी तिथि पर भगवान की प्रतिमा को सभी सदस्य अपने-अपने घरों में स्थापित किया, फिर मध्यरात्रि में भजन-कीर्तन, आरती के साथ जन्मोत्सव मनाया। दूसरी दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया। वहीं तीसरे दिन हवन-पूजन के बाद दोपहर में विशाल विसर्जन शोभायात्रा निकाले। मंडल के चंद्रभूषण गायधाने व प्रकाश समरीत ने बताया कि बुधवार को भी मराठा मंडल के सभी घरों में विराजित भगवान की प्रतिमा को आकर्षक झांकियों, बैंड बाजा, आतिशबाजी के साथ नगर भ्रमण कराया। यह यात्रा इंदिरा सरोवर में संपन्न हुई, जहां आरती-पूजन के बाद श्रीकृष्ण की प्रतिमा को विसर्जित किया गया।

पुलिस चौकी चिचोला ने अवैध शराब बिक्री पर की कार्रवाई

राजनांदगांव 29 अगस्त।श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग व श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहूल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री रोकने की मुहीम पर दिनांक 26.08.2024 को पुलिस चौकी चिचोला के सउनि एपीशीला ,आरक्षक क्रमांक 1687 विष्णु राम साहू को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति राजाराम आगवानी नाम का दाउ जी ढाबा के आगे ग्राम जनकपुर जी.ई.रोड पर अवैध रूप शराब बिक्री कर रहा है। जिसे चारो तरफ से घेराबंदी कर पकडे जो अपना नाम राजाराम आगवानी पिता सुन्दर लाल आगवानी उम्र 35 साल निवासी टाटीबंध एम्स के सामने रायपुर जिला राजपुर हाल- ग्राम जनकपुर पुलिस चौकी चिचोला जिला राजनांदगांव (छ0ग0)का रहना बताये जिसके कब्जे से 16 पौवा देशी प्लेन रोमियो शराब सील बंद प्रत्येक पौवा में 180-180 एम.एल. भरा जुमला 2.880 ब्लक लीटर किमती 1440/रू एवं बिक्री रकम- 250/रू, 10 नग डिस्पोजल ,10 नग पानी पाउच जुमला 1690/रू जिसे समक्ष गवाहों के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया प्रकरण में आरोपी के विरूद्व धारा- 34(1) आब.एक्ट का पाये जाने से मौके पर आरोपी को गिरफतार किया जुर्म जमानतीय होने से सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी चिचोला के सउनि. ए.पी.शीला ,आरक्षक क्रमांक 1687 विष्णु राम साहू का कार्य सराहनीय रहा।

परिजनों ने डॉक्टर और नर्सों पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हल्ला मचाया

कुरूद 29 अगस्त। सिविल अस्पताल कुरूद में आज दोपहर ग्राम कन्हारपुरी की 34 वर्षीय महिला जो सर्दी बुखार दस्त और उल्टी से परेशान मरीज मंगलवार को अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसका इलाज के दौरान अचानक दम तोड दी । जिस पर उत्तेजित परिजनों ने डॉक्टर और नर्सों पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हल्ला मचाया तथा अपनी पत्नी की मौत की खबर से बेसुध हुआ जिससे पति का प्राथमिक उपचार कर इलाज हेतु धमतरी रिफर किया गया। कुरूद नगर से चंद किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत कन्हारपुरी की 34 वर्षीय महिला कौशल्या यादव पति महिपाल यादव की तबियत खराब होने और उल्टी - दस्त, बुखार से पीड़ित थीं। जिसका इलाज कराने परिजनों ने मंगलवार की सुबह 10 बजे कुरुद सिविल अस्पताल लाया। जिस पर कुरूद अस्पताल के चिकित्सक ने प्रारंभिक उपचार कर मरीज को भर्ती किया और कल दिन को ही विभिन्न रक्त परीक्षण करवा कर, उसे दवा देते रहे कि आज बुधवार की दोपहर 3ः30 बजे अचानक भर्ती मरीज कौशल्या यादव की अचानक मृत्यु हो गई। इस हृदय विदारक घटना के पश्चात इलाज में कोताही बरतने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हल्ला मचाया। मृतक के ससुर पंचूराम यादव ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा जमकर लापरवाही बढ़ती गई है ना तो समय में डॉक्टर आता है ना नर्स आता है और न हीं समय में चेकअप की जाती है। अस्पताल स्टाफ की लापरवाही से आज बहू इस दुनिया से चल बसी।

मृतिका का पति अपने पत्नी की मौत से इस कदर सदमा खाया कि वह तत्काल मूर्छित हो गया, जिसका प्रारंभिक कुरूद में जारी था लेकिन गिरते बीपी को देखते हुए कुरूद अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है विदित होगी ग्राम कन्हारपुरी निवासी कौशल्या चार बच्चों की मां थी जिसमें से बड़ी बेटी 12 साल और सबसे छोटा बेटा 4 साल का है।

संपादकीय

मूल विचारधारा से पार्टी को मिलती है सफलता

तक दलों की अपनी एक पहचान होती है, उसकी यह पहचान बनती है कि उसकी मूल विचारधारा से। पार्टी जब तक अपनी मूल विचारधारा पर बनी रहती है तो उसकी पहचान जनता के बीच बनी रहती है, इसी आधार पर उसका एक वोट बैंक भी बनता है। जितना बड़ा वोट बैंक होता है, पार्टी को उसी के हिसाब से राजनीतिक फायदा या नुकसान होता है। उसकी राज्य व केंद्र की राजनीति में एक भूमिका तय होती है। कई बार राजनीतिक दल तो छोटा होता है लेकिन उसके बगैर जब सरकार नहीं बनती है तो उसकी भूमिका राज्य व केंद्र में अहम हो जाती है। भाजपा की मूल विचारधारा हिंदुत्व की है। इसी से देश में भाजपा की पहचान है, इसी पहचान के आधार पर उसे तीन चुनाव में राजनीतिक सफलता मिली है। यही हिदुत्व का मुद्दा विपक्षी दलों के लिए चुनौती बना हुआ है। क्योंकि वह इसकी कोई काट नहीं ढूंढ पाए हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बनने के बाद यह माहौल बनाने का प्रयास किया गया कि भाजपा का हिदुत्व का मुद्दा फेल हो गया है, भाजपा की सीटें कम हो गई हैं, इससे साफ है कि अब हिंदू भाजपा से नाराज है, उनका भाजपा से मोहभंग हो गया है। मोदी सरकार अब पहले की तरह मजबूत नहीं रह गई है। मोदी सरकार कभी भी गिर सकती है। यह माहौल इसलिए बनाया गया कि भाजपा हिंदुत्व के मुद्दे को छोड़ दे। वह किसी दूसरे मुद्दे पर ज्यादा ध्यान दें। राहुल गांधी ने जाति जनगणना का मुद्दा उठाकर यह साबित करने का प्रयास कर रहे हैं कि हिदुत्व की काट जाति जनगणना ही है। जाति जनगणना के आधार पर भाजपा को घेरा जा सकता है। भाजपा को हराया जा सकता है। भाजपा को जाति जनगणना के लिए मजबूर किया जा सकता है। भाजपा राहुल गांधी की खतरनाक राजनीति को समझ रही है। राहुल गांधी वह कर रहे हैं कभी अंग्रेजों ने किया था। हिंदू समाज को जाति में तोड़ने का काम। भाजपा ने पहली बार मोदी के नेतृत्व में हिंदुओं को एकजुट कर बड़ी राजनीतिक सफलता हासिल की है। और ऐसी सफलता एक नहीं तीन बार हासिल कर चुकी है। जाति में बंट जाने से हिंदू समाज कमजोर हो गया था और अंग्रेज बरसों भारत पर राज कर सके थे। यही वजह है कि राहुल गांधी भी अब वही जाति के नाम पर खुल कर कर रहे हैं जो आजादी के बाद कांग्रेस धर्मनिरपेक्षता की आड़ में करती रही है. उसने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर कभी हिंदुओं का एकजुट नहीं होने दिया, उसे जाति,वर्ग, आरक्षण,भाषा,धर्म के नाम पर बांटे रखा और मुस्लिम तुष्टिकरण कर सत्ता हासिल करने में सफल रही। मंडल कमीशन की रिपोर्ट आने के बाद देश में जातिवादी नेताओं का एक वर्ग सामने आया तो कांग्रेस का जाति को वोट बैंक उनके पास चला गया। बिहार में लालू यादव तो यूपी में सपा, बसपा के पास कांग्रेस का वोट बैंक चला गया। कांग्रेस कमजोर होती गई और आज स्थिति यह है कि कांग्रेस न तो केंद्र में अकेले चुनाव लड़कर जीत सकती है और न ही कई राज्यों में जीत सकती है। सबसे बुरी बात यह है कि कांग्रेस अपनी धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा से बहुत दूर जा चुकी है। धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा के कारण उसकी देश ही नहीं विश्व में पहचान थी कि वह भारत की एकमात्र धर्मनिरपेक्ष पार्टी है जो देश में सांप्रदायिकता के लड़ती है और उसे हराती है। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अपनी मूल विचारधारा को पीछे छोड़ चुकी है, उसे लगता है कि अब वह धर्मनिरपेक्षता के नाम चुनाव नहीं जीत सकती। अब वह धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को नहीं हरा सकती। यही कांग्रेस की सबसे बड़ी गलती है। कांग्रेस को अपनी इस गलती का एहसास नहीं हो रहा है, क्योंकि कांग्रेस के वामपंथी नेता राहुल गांधी को यह समझाने में सफल रहे हैं कि आप जो कर रहो वह ऐतिहासिक है, आप जो कर रहे हो उसी के आधार पर कांग्रेस जीतेगी। कांग्रेस नेताओं के विपरीत भाजपा नेताओं को एहसास है कि अपनी मूलविचार धारा के कारण ही भाजपा को सफलता मिली है और आगे भी इसी आधार पर सफलता मिलेगी, इसीलिए वह हिंदुओं को एकजुट रहने के लिए कह रहे हैं को बंटोगे को कटोगे। भाजपा ने राहुल गांधी की जातिवादी राजनीति का जवाब फिर से हिदुत्व को बना कर बता दिया है कि हम बदलने वाले नहीं है।

विश्लेषण | ललित गर्ग

छत्रपति प्रतिमा का ढहना शासन-तंत्र की भ्रष्टता का प्रमाण

मराठा पहचान और परम्परा के प्रतीक पुरुष, प्रथम हिन्दू नेता छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में की गयी 35 फीट ऊंची प्रतिमा का थरथरा कर गिर जाना राष्ट्रीय शर्म एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार का दुःखद अध्याय है। इस तरह हमारे एक महानायक की महान स्मृतियों से जुड़ी इस प्रतिमा का गिरना एवं ध्वस्त होना सरकार में गहरे पैठ चुके भ्रष्टाचार, लापरवाही एवं रिश्वतखोरी को उजागर करता है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में जिस तीव्रता से व्याप्त है, उसका यह एक ज्वलंत उदाहरण है, जो सरकार की साख को धुंधला रही है, यह घटना भारतीय नौसेना की साख को भी बट्टा लगा रही है, यह घटना इसलिए भी गंभीर चिंता की बात है कि इससे हमारे सार्वजनिक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की कलई खुल गई है। गौर कीजिए, इस प्रतिमा के निर्माण पर करीब 3,600 करोड़ रुपये की लागत आई थी और इसी 4 दिसंबर को नौसेना दिवस पर इसका अनावरण किया गया था।

सिंधु दुर्ग में शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा के गिर जाने से महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल आना स्वाभाविक है, इससे लोगों का आहत होना भी उचित हैं। क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र के महानायक एवं जन-जन की आस्था के केन्द्र हैं। वे महाराष्ट्र के जीवन का अभिन्न अंग हैं एवं वहां की राजनीति उनके नाम के इर्द-गिर्द घूमती है। महाराष्ट्र ही नहीं सम्पूर्ण देश में शिवाजी महाराज के प्रशंसक हैं। मराठों के अस्तित्व एवं अस्मिता के वे प्राण रहे हैं, मराठों को उन्होंने ने ही लड़ना सिखाया, उनके जीवन को उन्नत बनाया। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के महाराष्ट्र की सभी जातियों को एक भगवा झंडे के नीचे एकत्रित किया और मराठा साम्राज्य की स्थापना की। शिवाजी ने अपने राज्य-शासन में मानवीय नीतियां अपनाई थी जो किसी धर्म पर आधारित नहीं थी। महाराष्ट्र क्योंकि उनकी जन्मस्थली ही नहीं कर्मस्थली भी रहा इसलिए महाराष्ट्र की आबोहवा में वे आज भी जीवंत हैं। ऐसे महानायक की प्रतिमा के गिर जाने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में तूफान खड़ा हो गया है। मूर्ति का निर्माण और डिजाइन नौसेना ने तैयार किया था। कहा तो यही जा रहा है कि 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं के कारण प्रतिमा टूटकर गिर गई।

छत्रपति शिवाजी के महाराष्ट्र और मराठा संस्कृति के ही नहीं, बल्कि भारतीयता के प्रतीक एवं प्रेरणा पुरुष हैं। आम मराठी भावनात्मक रूप से उनसे जुड़ा है। ऐसे में, इस मूर्ति का ढहना राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार एवं भारतीय नौसेना की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करती है। चंद महीने बाद ही राज्य में विधानसभा चुनाव होने के कारण यह एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनना निश्चित है। एक मजबूत विपक्षी पार्टी शिव सेना की पूरी राजनीति शिवाजी के शौर्य व आत्म-गौरव से प्रेरित है, एनसीपी शरद पवार, कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने एकनाथ शिंदे सरकार को निशाना बनाना शुरू कर दिया है और आरोप लगाया है कि छत्रपति शिवाजी का स्मारक चुनावों को देखते हुए जल्दबाजी में बनाया गया था और इस काम में गुणवत्ता को पूरी तरह से अनदेखा किया गया। प्रतिमा का ढह जाना छत्रपति शिवाजी का अपमान तो है ही और यह जाहिर है कि इसका काम घटिया गुणवत्ता का था। इसीलिये घटना को शिवाजी के अपमान के रूप में पेश किया जाने लगा है। चुनाव की सरगर्मियों के बीच शिवाजी की प्रतिमा का मुद्दा चर्चा में आ गया है। इस मुद्दे को वोट जुटाने के लिए असरदार हथियार के रूप में जरूर इस्तेमान किया जायेगा। लेकिन मूल प्रश्न है ऐसे भ्रष्टाचार को रोकने की दिशा में कब सार्थक प्रयास होंगे? राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करके दोषियों को कड़ी सजा दिलानी चाहिए, ताकि न सिर्फ विपक्ष के आरोपों की धार को निस्तेज किया जा सके, बल्कि सार्वजनिक निर्माण में किसी किस्म की लापरवाही या उदासीनता बरतने वालों को भी यह संदेश मिल सके कि वे बख्शे नहीं जाएंगे।

यह पहली घटना नहीं है, जिसमें किसी बड़ी निर्माण योजना की कमी इस तरह की भ्रष्ट एवं लापरवाही के रूप में उजागर हुई है। हमारे सार्वजनिक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बार-बार तार-तार होती रही है। मई 2023 में उज्जैन के महालोक कोरिडोर में लगी सप्तऋषियों की मूर्तियां भी इसी तरह आंधी-तूफान में धराशायी हो गई थीं। अयोध्या में भी सड़के ध्वस्त हो गयी थी। बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों के ध्वस्त होने की घटनाएं हैरान करने के साथ-साथ चिंतित करने वाली बनी हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 पर छत गिरने की घटना से भी हर कोई हैरान हुआ है। मुंबई में घाटकोपर का होर्डिंग गिरना 14 लोगों की मौत का कारण बना था। कहीं नई बनी सड़कें धंस हो जाती हैं तो कहीं नई सरकारी इमारतों में दरारे पड़ जाती है। इन मूर्तियों, पुलों, सड़कों एवं सार्वजनिक निर्माण के अन्य सरकारी निमार्णों के ध्वस्त होने की घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। आज हमारी व्यवस्था चरमरा गई है, दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलते हैं कि ईमानदारी बहुत पीछे रह जाती है। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। प्रतिमाएं हो या पुल-इनके गिरने से जितने पैसों की बबार्दी होती है, उसकी भरपाई आखिर किससे कराई जाएगी? जाहिर है, इनकी वजहों को समझने के लिए किसी मजबूत, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तंत्र की जरूरत है। निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता से समझौता और राजनीतिक दबाव में जल्द से जल्द कार्य पूरा करने की प्रवृत्ति ने ऐसी दुर्घटनाओं की गति एवं मात्रा बढ़ाई है। इसके लिए समूचे तंत्र को अपनी कार्य-संस्कृति पर भी गौर करने की जरूरत है। शिवाजी की प्रतिमा के तेज हवा में यूं ढह जाने से हमें सबक सीखने की जरूरत है।

सवाल है कि जब सरकार किसी कंपनी को ऐसे राष्ट्रीय महत्व के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपती हैं, उससे पहले क्या गुणवत्ता की कसौटी पर पूरी निर्माण योजना, डिजाइन, प्रक्रिया, सामग्री, समय-सीमा और संपूर्णता को सुनिश्चित किया जाना जरूरी समझा जाता? देश में भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है, विशेषतः राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार ने देश के विकास को अवरूद्ध कर रखा है। यही कारण है कि पुल या दूसरे निर्माण-कार्यों के लिए रखे गए बजट का बड़ा हिस्सा कमीशन-रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। इसका सीधा असर निर्माण की गुणवत्ता पर पड़ता है। निर्माण घटिया होगा तो फिर उसके धराशायी होने की आशंका भी बनी रहती है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर निगरानी रखने की पारदर्शी नीति नियामक केन्द्र बनाने के साथ उस पर अमल भी जरूरी है। विकसित देशों में भी ऐसे हादसे होते हैं, लेकिन अंतर यह है कि भारत में ऐसे हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है।

रणनीति में सभी अपने को चाणक्य बताने का प्रयास करते हैं पर चन्द्रगुप्त किसी के पास नहीं है। घोटालों और भ्रष्टाचार के लिए हल्ला उनके लिए राजनैतिक मुद्दा होता है, कोई नैतिक आग्रह नहीं। कारण अपने गिरेबार में तो सभी झांकते हैं वहां सभी को अपनी कमीज दागी नजर आती है, फिर भला भ्रष्टाचार से कौन निजात दिरायेगा? ऐसी व्यवस्था कब कायम होगी कि जिसे कोई ह्वरिश्वतह्व छू नहीं सके, जिसको कोई ह्वसिफारिशह्व प्रभावित नहीं कर सके और जिसकी कोई कीमत नहीं लगा सके। ईमानदारी अभिनय करके नहीं बताई जा सकती, उसे जीना पड़ता है कथनी और करनी की समानता के स्तर तक।

आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा । इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग सबको न बताएं तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज अपने बनाये हुये प्लान पर कार्य करेंगे तो आपके सोचे हुए सारे काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। इससे आप नुकसान से बचे रहेंगे । शाम को बच्चों के साथ खेलने से मानसिक तनाव कम होगा। आज आपका व्यवहार देखकर घर के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। आज आपके सारे कार्य सरलता पूर्वक पूरे होते जायेंगे। दाम्पत्य जीवन में नयी- नयी खुशियाँ आएँगी।

वृष राशि-आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे। दिक्कतों का तेज़ी से मुक़ाबला करने की क्षमता आपको ख़ास पहचान दिलाएगी। इस राशि के लोगों को आज जीवनसाथी से किसी जरूरी काम में मदद मिलेगी। आज घर की साफ-सफाई में व्यस्त रहेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। डिनर करने का प्लान बनायेंगे।

मिथुन राशि-आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज ख़र्च में इजाफा बचत को ज़्यादा मुश्किल बना देगा। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है। विवाहित आज किसी अच्छी जगह पिकनिक के लिये जायेंगे। आज जीवनसाथी आपको कोई खूबसूरत तोहफा दे सकते है.. इससे रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। एक दूसरे का सम्मान करे रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी।

कर्क राशि-आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिये लाभदायक रहेगा। धनलाभ के नये आसार बनेंगें। इस राशि के इंजीनियर्स के लिये आज का दिन अच्छा है। आज किसी कॉलेज से आपको टीचिंग के लिये ऑफर मिलने वाला है। लेवेमेट्स से आज आपको कोई उपहार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। बच्चे घर पर खेल कूद में व्यस्त रहेंगे।

सिंह राशि-आज आपका दिन शानदार रहने वाला हैं। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगें। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। जिससे दोस्ती में और भी मजबूती आयेगी। आज का दिन समझ-बूझ के क़दम उठाने का है, इसलिए तब तक अपने विचार व्यक्त न करें जब तक आवश्यकता न हो।

कन्या राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। स्वास्थ्य आज थोड़ा डाउन हो सकता है, लेकिन समय से देखभाल करने से जल्द ही ठीक हो जायेगा। अगर आप यात्रा कर रहें है तो सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक और चुम्बकीय व्यक्तित्व कई लोगों के ध्यान आपकी तरफ़ खींचेगा। आज दूर का कोई रिश्तेदार आपसे मिलने घर आ सकता है। उनके साथ बैठकर आप अपने व्यापार को बढ़ाने का प्लान बनायेंगे।

तुला राशि-आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज आप में प्रेरणा अधिक रहेगी नौकरीपेशा वालों आज आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के विवाहित आज समारोह में जायेंगें। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। आज कुछ अनुभवी लोगों से आपकी मुलाकात होगी। जिनसे अच्छी सलाह मिलेगी। लवमेट्स आज एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे। रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। आज आपको अचानक यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

वृश्चिक राशि-आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें । पुरानी टेंशन आज खत्म होगी। इस राशि जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। आज आप काम के प्रति सचेत रहें कोई विरोधी आपके व्यापार को नुकसान पहुंचाने की नकामयाब कोशिश कर सकता है। जीवनसाथी आज आपको कोई एसी सलाह देंगे जिससे आपके कार्य आसानी से पूरे होते जायेंगे।

धनु राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर होगी। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीज़ें सुधर रही हैं। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी हो सकती है। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें। वरना आपका अधिक समय फीजूल के कामों में निकल जायेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें। इससे आपको मानसिक संतुष्टि मिलेगी।

मकर राशि-आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है। लाभ होने की सम्भावना बन रही है। करियर में आज कुछ बदलाव होने वाला है, तरक्की के नये रास्ते खुलेंगें। आपके मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

कुंभ राशि-आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा। अचानक धनलाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। सुबह-सुबह व्यायाम करने से सेहत अच्छी बनी रहेगी। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है.. जिससे आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। ऑफिस में आज आपकी परफॉरमेंस देखकर बॉस आपकी पदोन्नती पर विचार करेंगे। आज आप पूरे दिन एक्टिव रहेंगे, एक के बाद एक काम पूरे होंगे। आज परिवार के साथ अपनी प्रॉब्लम शेयर कर सकते हैं।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। कोई रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परिक्षा से संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे। विवाहित आज जीवनसाथी की बात मानेंगे तो रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। विरोधी पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे।

व्यंग्य

असरकारी तो हो सकता है, लेकिन सरकारी नहीं

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

हाल ही में एक कार्यालय जाना हुआ। वहाँ कहने को तो अत्याधुनिक कंप्यूटर थे, लेकिन डिब्बे में बंद पड़े थे। कहा गया कि इसका अनावरण अभी नहीं हुआ है। मतलब, कंप्यूटर अनावरण का इंतजार कर रहे हैं। कभी-कभी अनावरण आमरण तक चलता है। इसीलिए पुराने कंप्यूटरों से ही काम चलाना पड़ रहा है। पुराने कंप्यूटर भी अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए जाने जाते हैं झ जिनमें एक दिन चालू हो जाए, तो दूसरे दिन का इंतजार किया जाता है। पुराना तो पुराना होता है। उसका भी एक तराना होता है। काम न करने का बहाना होता है, जैसे सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए ह्यपहले दिनह्व का टोकन मिलता है। फिर वही टोकन बाकी दिन चक्कर लगाने का लाइसेंस हो जाता है।

परिणाम यह हुआ कि पत्रावलियों के अंबार पर अंबार लगे पड़े हुए हैं। लगता है कि उनकी होड़ एवरेस्ट से है। हो भी क्यों न? एवरेस्ट भारत में थोड़े न है! इसीलिए हिम का न सही कम से कम पत्रावलियों का एवरेस्ट भारत में बना ही सकते हैं। इससे देश का नाम और ऊँचा होगा। अगर एवरेस्ट का रिकॉर्ड तोड़ना है, तो कम से कम सरकारी दफ्तरों की पत्रावलियों का अंबार तोड़ना चाहिए।

पत्रावलियों का अंबार मकड़ियों को रोजगार देता है। कर्मचारियों का क्या है, वे तो चाय की चुस्कियों में अपना समय निकाल लेते हैं। मकड़ियाँ काम की जिम्मेदारी निभा रही हैं। चपरासी के पास वकील के सारे कागजात फेंक दिए गए हैं। ये पत्रावलियाँ अब मकड़ियों की चाय पार्टी का हिस्सा बन गई हैं। उन्होंने इन पत्रावलियों को अपनी वेतन वृद्धि का आधार बना लिया है।

अब इन पत्रावलियों पर बकरियाँ चर रही हैं। बकरियाँ भी समझदार निकलीं, उन्होंने भी सोचा कि अगर पत्रावलियाँ रद्दी में जा रही हैं तो छिलके में भी काम आ सकती हैं। उन्होंने भी अपने आपको एक किस्म का साक्षर समझा होगा, जिसके कारण पत्रावलियों को भूख मिटाने का माध्यम बना लिया।

ड्राफ्टिंग वाले कागज नोट के चक्कर में पड़े-पड़े सड़ रहे हैं। नोट भिन्नार्थी होता है। समझने वाले समझ जाते हैं, और बाकी के लोग जैसे सरकारी दफ्तर में काम कर रहे होते हैं झ देर से ही सही, लेकिन दिन आ ही जाता है। न समझने वाले आजीवन किराए के मकान में गुजर-बसर कर दम तोड़ देते हैं। उन नोटों की व्याख्या समझने वाले चपरासी चार-चार कोठियाँ भाड़े पर चढ़ा देते हैं। बेटी की शादी में ऑडी देकर अपनी बॉडी का सीना चौड़ा कर लेते हैं।

ऐसे ही चपरासियों का अपना चाणक्य वाक्य होता है झ ₹जिस देश में लोग घास-फूस खा रहे हों, वहाँ घूस खाने से परहेज नहीं करना चाहिए।₹ यह एक अद्भुत रणनीति है, जिसमें घूस को भी ह्यसक्सेस मंत्राह्व के टिप्स के रूप में देखा जाता है।

यहीं पर एक बड़े बाबू रहा करते थे। अब नहीं हैं। उनकी ईमानदारी ने उन्हें देहात भेज दिया। वैसे भी ईमानदारी सरकारी दफ्तरों में ह्यविपरीत परिस्थितियों में विकसित होने वाली संक्रांतिह्व है। इस कार्यालय में वही बचे हैं जो दूसरों को सुधारने की नहीं सोचते। जो ऐसा सोचते हैं, वे खुद सुधर जाते हैं और एक दिन देहात की माटी फांकते हुए नजर आते हैं।

काम को कल पर टालने वाले टाइम मैनेजमेंट के गुरु और कबीर के ऐसे भक्त जो कल को आज, आज को अब करने की सोचते हैं, उन्हें आलसी बाबू बड़ी तबियत से लतिया देते हैं। लतियाते हुए कहते भी हैं झ ह्वयह सरकारी कार्यालय है। काम समय पर हो जाए तो इसकी अहमियत ही क्या रह जाएगी।ह्व जितना कार्य लंबित होता है, वह उतना ही सम्माननीय होता है। यह पूरी सरकारी प्रणाली का अमर वाक्य है। तभी यहाँ आने वाले जी हुजूरी, सलाम ठोंकने और घूस की घी वाली रोटी खिलाने को अपनी शान समझते हैं। जहाँ यह सब नहीं होता, वह असरकारी तो हो सकता है, लेकिन सरकारी कतई नहीं।

यहाँ, टाइम मैनेजमेंट के गुरु का मतलब है कि काम कभी नहीं होगा, लेकिन डेस्क पर बैठकर सीनियर की चाय जरूर लानी होगी। कार्यालय का आदर्श वाक्य है काम का बोझ जितना ज्यादा, सम्मान उतना ही ज्यादा। अखिरकार, सरकारी दफ्तरों में काम का न होना भी एक प्रकार का ह्यबिजनेस मॉडलह्व है। बिना काम के भी सैलरी मिलती है, और तारीखें भी बदलती रहती हैं।

समसामयिक आलेख | मनोज कुमार अग्रवाल

लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल है प्रदर्शनकारियों पर लाठी गोली और बम!

रवींद्रनाथ टैगोर महान संत रामकृष्ण परमहंस और युवाओं के प्रणेता स्वामी विवेकानंद के प. बंगाल में जो कुछ हो रहा है वह न सिर्फ शर्मनाक है वरन सत्ता की कानून व्यवस्था पर नाकामी और अराजकता का नंगा नाच भी है। आप गौर करें कि किसी भी राज्य व्यवस्था में नागरिकों को शान्ति पूर्ण विरोध व्यक्त करने का संवैधानिक अधिकार है 31 साल की महिला ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस के हत्यारों को फांसी और राज्य की मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर सचिवालय भवन नबन्ना पर प्रदर्शन करने निकले छात्रों पर सियासत की लाठी चली टियर गैस छोड़ी गई और वाटरकैनन से सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को चोटिल कर दिया गया और सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया आज गिरफ्तार छात्रों की रिहाई रेप-मर्डर के दोषियों को फांसी और मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा ने बारह घंटे का बंद आह्वान किया तो प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे एक भाजपा नेता प्रियंगु पांडे पर बम फेंका गया और छह राउंड गोली चलाई गई। इस से आप प.बंगाल की कानून व्यवस्था का अंदाजा लगा सकते हैं।

आपको बता दें कि कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में छात्र संगठनों के प्रोटेस्ट मार्च के बाद भाजपा ने बुधवार (28 अगस्त) को 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया था। बंद के दौरान कई जिलों में पुलिस और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प हुई। कई नेताओं-वर्कर्स को हिरासत में लिया गया है।

नॉर्थ 24 परगना जिले के भाटपारा में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे की कार पर फायरिंग हुई। प्रियंगु ने बताया टीएमसी के लगभग 50-60 लोगों ने हमला किया। गाड़ी पर 6-7 राउंड फायरिंग की और बम फेंके गए। ड्राइवर समेत दो लोगों को गोली लगी है। एक गंभीर है।नादिया और मंगलबाड़ी चौरंगी में भाजपा और टीएमसी कार्यकताओं के बीच झड़प हुई। टीएमसी समर्थकों ने भाजपाइयों पर लाठी-डंडे से हमला किया। बनगांव और बारासात दक्षिण में ट्रेनें रोकी गईं। भाजपा 27 अगस्त को कोलकाता में छात्र प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज और उन्हें हिरासत में लेने का विरोध कर रही थी।

उधर डॉकटर भी कोलकाता रेप-मर्डर केस के विरोध में सड़कों पर उतरे। वेस्ट बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के बैनर तले डॉक्टर्स ने श्यामबाजार से धरमतला तक मार्च निकाला।हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने धमकाने भरे लहजे में डाक्टरों से काम पर वापस लौटने की अपील की। कलकत्ता हाईकोर्ट ने भाजपा के बंगाल बंद को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। दूसरी तरफ , पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा- गुरुवार कल से सात दिन का धरना शुरू करेंगे। कलकत्ता हाईकोर्ट ने हमें इसकी अनुमति दी है।

बंगाल भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस को लेटर लिखा है। इसमें 27 अगस्त को हुए प्रदर्शन में पुलिस की ज्यादा सख्ती की बात कही है। चिट्ठी में लिखा कि नबन्ना अभिजान प्रोटेस्ट के दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को लोकतंत्र के मूल्यों के हिसाब से कतई नहीं कहा जा सकता। मेरा आपसे निवेदन है कि इस पर तुरंत जरूरी कदम उठाएं।

उधर ममता बनर्जी के तेवर बहुत गरम रहे उन्होंने आज कोलकाता की एक रैली में कहा था कि कुछ लोगों को लगता है कि यह बांग्लादेश है। मुझे बांग्लादेश से प्यार है। वे हमारी तरह बात करते हैं और हमारी संस्कृति भी एक जैसी है, लेकिन याद रखिए कि बांग्लादेश अलग देश है और भारत अलग देश है।

मोदी बाबू कोलकाता के रेप-मर्डर केस में अपनी पार्टी का इस्तेमाल करके बंगाल में आग लगवा रहे हैं। अगर आपने बंगाल को जलाया तो असम, नॉर्थ-ईस्ट, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे। हम आपकी कुर्सी गिरा देंगे।

बंगाल बंद पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि सीबीआई को रेप-मर्डर केस की जांच सौंपे 16 दिन बीत गए हैं। कहां है न्याय ? ममता बनर्जी ने कहा- भाजपा बंगाल को बदनाम कर रही है। भाजपा ने कभी भी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और मणिपुर के मुख्यमंत्रियों के इस्तीफे की मांग नहीं की।

बुधवार को बीजेपी के बंद का असर सड़कों पर नजर आया। जरूरी सेवाओं को छोड़कर सभी दूसरी सर्विसेस बंद हैं। ट्रेनों को रोकने के लिए बीजेपी वर्कर्स ट्रैक पर आ गए। दुकानें बंद करा दी गईं। सड़कों पर प्रदर्शन शुरू हो गए।

हुगली, कटवा, सियालदह दक्षिण शाखा, मुर्शिदाबाद और कृष्णानगर में ट्रेन सेवाएं बाधित हो गई हैं। विभिन्न लाइनों पर लोकल ट्रेनों को रोक दिया गया है। सुबह-सुबह, भाजप

एक नजर

अजा एवं अजजा वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजनांतर्गत 20 सितम्बर तक आवेदन

जगदलपुर 29 अगस्त । जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति जगदलपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में छोटे-छोटे व्यवसायियों को आर्थिक सहायता करने हेतु निगम की बैंक प्रवर्तित योजना अनुसूचित जाति वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी बैंक प्रवर्तित योजना में ऋण प्रदान करेन हेतु 20 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

आवेदक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनताति वर्ग का हो, आवेदन की आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष की होनी चाहिए, वार्षिक आय शहरी क्षेत्र हेतु ग्रामीण क्षेत्र में 01 लाख 05 हजार रूपए आये पटवारी द्वारा सत्यापित और जाति-निवास तहसीलदार या सरपंच द्वारा सत्यापित, आधार कार्ड, परिचय पत्र, राशन कार्ड प्रस्तुत करना होगा। अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत जिले में विभिन्न व्यवसायों कपड़ा दुकान, किराना दुकान, बर्तन दुकान, होटल व्यवसाय, गैरेज, मुर्गी पालन, चिकन सेंटर, फैंसी स्टोर स्टेशनरी, सेलून-ब्यूटी पार्लर, इलेक्ट्रानिक्स सामग्री रिपेरिंग, बेकरी व्यवसाय आदि में प्राप्त आवेदनों को तैयार कर संबंधित बैंक शाखाओं को प्रेषित किया जाएगा। बैंक को स्वीकृत ऋण के विरूद्ध प्रत्येक हितग्राही हेतु अनुदान 10 हजार रुपए जो भी कम हो दिया जाएगा। योजनाओं के लिए आवेदक अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति जगदलपुर कलेक्टोरेट परिसर संयुक्त जिला कार्यालय भवन के कक्ष क्र. एफ-21,22,23 में 20 सितम्बर तक कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त करने सहित भरे गए आवेदन जमा कर सकते हैं।

स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत सुपरवाइजर की पदक्रम सूची प्रकाशित

जगदलपुर 29 अगस्त। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर संभाग जगदलपुर द्वारा संभागीय कार्यालय के अधीन संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत सुपरवाईजर पुरूष एवं महिला की अंतिम प्रोवीजनल में पदक्रम सूची प्रकाशित की गई है। उक्त सूची के बारे में संबंधित कर्मचारियों से दावा-आपत्ति से संबंधित मय प्रमाणित दस्तावेज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किए जाने कहा गया है।उक्त परिप्रेक्ष्य में जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि संबंधित सेवा संवर्ग में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारियों को इस सूची की प्रति उपलब्ध कराते हुए सूची में संबंधित कर्मचारियों के संबंध में दर्ज प्रविष्टीयों में यदि कोई विसंगति या किसी कर्मचारी का नाम सम्मिलित होने से छुट गया है तो ऐसी स्थिति में छुटे हुए नामों को जोड़ने एवं त्रुटि सुधार हेतु प्रमाणित दस्तावेजों के साथ पदक्रम सूची के प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर इस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। त्रुटि सुधार एवं छुटे हुए नामों को जोड़ने हेतु निर्धारित समय सीमा में संबंधित कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत सुधार आवेदन अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में सेवा संवर्ग की अंतिम पदक्रम सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा, ऐसी स्थिति में सूची में रह जाने वाली किसी भी विंगति के लिए संबंधित कर्मचारी स्वयं उत्तरदायी होंगे। निर्धारित समय सीमा समाप्त हो जाने पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

कलेक्टर ने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को राजस्व न्यायालयों के कार्य का सौंपा दायित्व

जगदलपुर 29 अगस्त। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा बस्तर जिले के तहसीलों में पदस्थ तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख को प्रशासकीय दृषिकोण से आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई तौर पर राजस्व न्यायालयों के कार्यों के संपादन हेतु दायित्व सौंपा गया है। जिसके तहत तहसीलदार जगदलपुर श्री रूपेश कुमार मरकाम को अपने कार्य के साथ-साथ न्यायालय नायब तहसीलदार फ्रेजरपुर का अतिरिक्त प्रभार, तहसीलदार (नजूल) जगदलपुर श्री अंकुर रात्रे प्रभारी तहसीलदार नजूल को अपने कार्य के साथ-साथ न्यायालय नायब तहसीलदार कुरंदी का अतिरिक्त प्रभार, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री आशीष साहू को पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए प्रभारी न्यायालय नायब तहसीलदार मारकेल एवं फ्रेजरपुर के प्रभार में से न्यायालय नायब तहसीलदार फ्रेजरपुर के प्रभार से मुक्त होंगे। नायब तहसीलदार श्री सुनील कुमार ध्रुव को नायब तहसीलदार परिवीक्षाधीन को न्यायालय नायब तहसीलदार बकावंड का प्रभार सौंपा गया है, वे न्यायालय में दर्ज राजस्व प्रकरणों की सुनवाई कर अंतिम निर्णय हेतु प्रतिवेदक अधिकारी तहसीलदार बकावण्ड को प्रस्तुत करेंगे।

कुछ दिन पूर्व कोंटा आंगनबाड़ी आटे की हो रही थी वाहन से हेराफेरी

सुकमा,29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कोंटा एसडीएम ने वाहन को दर दबोचा था मगर आज तीन दिन हो चुके है जांच के नाम पर अभी भी प्रशसन मौन व्रत धारण किये है महिला बाल विकास अधिकारी तीन दिन से लापता है अब तक उनको पूछताछ के लिए नहीं बुलाया गया है सूत्रों से पता चला है कि जिस दिन यह मामला उजागर हुआ था उस दिन महिला बाल विकास अधिकारी सुकमा में थे अब रायपुर में है कोंटा एसडीएम के द्वारा महिला बाल विकास के बाबू को 3 दिन से बयान के लिए बुलाया जा रहा है लेकिन अब तक कोंटा एसडीएम के सामने उपस्थित नहीं हुए हैं।

पीडीएस चावल की बिक्री करते पाए जाने पर दुकान संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

कांकेर, 29 अगस्त । राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गत दिवस फर्म के.जी.एन. चावल दुकान अन्नपूर्णापारा कांकेर के प्रो. मोहम्मद नासीर पिता मोहम्मद हारून निवासी अन्नपूर्णापारा कांकेर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान के.जी.एन. चावल दुकान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत प्रदाय किए जाने वाला चावल 11.50 क्विंटल तथा चना 3.188 क्विंटल पाये जाने पर चावल और चने को जब्त कर पुलिस थाना कांकेर की सुपुर्दगी में दिया गया है।

संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की अपील की सांसद कश्यप ने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 29 अगस्त। चित्रकोट विधानसभा के तोकापाल मंडल में सदस्यता अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन ।2 सितंबर से शुरू हो रहे भाजपा सदस्यता अभियान के अंतिम कार्यशाला तोकापाल मंडल में मुख्य वक्ता बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप जी की उपस्थिति में संपन्न किया गया जिसमे महेश कश्यप जी के द्वारा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को संघटन के साथ जोड़ने और सबका साथ, सबका विकास, सबका साथ सबका विश्वास,के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ने को कहा गया,

सबसे अधिक वोट दिलाने पर बूथ को दी प्रोत्साहन राशि

सबसे अधिक वोट दिलाने पर बूथ कमीटी के सदस्यों को 25 हज़ार की प्रोत्साहन राशि बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप जी के द्वारा दिया गया इस कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष श्री सोमारु राम कश्यप, पूर्व विधायक श्री बैदूराम कश्यप, तोकापाल मंडल प्रभारी संतोष बघेल , ज़िला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल,,प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारणी सदस्य रितेश दास जोशी ,महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शांति नाग, युवा मोर्चा अध्यक्ष जीवनाथ मौर्य, महामंत्री परदेशी कश्यप, जिला मंत्री बलदेव मंडावी, जिला मंत्री चंद्रकांत भंडारी,मीडिया प्रभारी शिव सूर्यवंशी ,मेघराज ठाकुर ,मिटकू बघेल,एवं वरिष्ठ पदाधिकारी, शक्ति केंद्र पोलिंग बूथ के समस्त सदस्य एवं जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

कोंटा ब्लॉक के इंजरम गांव में राशन वितरण में अनियमितता

कोंटा, 29 अगस्त। कोंटा ब्लॉक के इंजरम गांव में सोसाइटी राशन दुकान में अनियमितता की ख़बर सामने आ रही है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें समय पर चावल, चीनी, और गुड़ नहीं मिल रहा है। इस स्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और वे इस मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि राशन की आपूर्ति में लगातार देरी और कमी के कारण उनकी दैनिक ज़िंदगी प्रभावित हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीणों को समय पर उनके अधिकारिक राशन का वितरण सुनिश्चित किया जा सके।

21 सितंबर को नेशनल लोक अदालत

कांकेर, 29 अगस्त । छत्तीसगढ़ राज्य में 21 सितंबर 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होना है।

उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक-से-अधिक प्रकरणों के निराकरण एवं तैयारी के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर के अध्यक्ष और प्रधान जिला न्यायाधीश श्री आनंद कुमार ध्रुव द्वारा आज जिला न्यायालय कांकेर के सभाकक्ष में विद्युत विभाग के अधिकारी, ट्रैफिक पुलिस, आबकारी विभाग, नगरपालिका परिषद एवं बैंक विभाग के अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश कांकेर द्वारा निर्देश दिए गए कि जिन मामलों में राजीनामा, समझौता की संभावना है।

एसडीएम ने पटवारी,राजस्व निरीक्षकों के कामकाज की समीक्षा की,रिपोर्ट भी देखी

महासमुंद 29 अगस्त । कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद श्री उमेश कुमार साहू ने आज हल्का पटवारी और राजस्व निरीक्षकों के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने गिरदावरी, अभिलेख शुद्धता, अतिक्रमण पंजी संधारण, डिजिटल फसल सर्वे जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती मिषा कोसले, तहसीलदार श्री श्रीधर पंडा सहित राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी मौजूद थे।

इस बैठक का उद्देश्य जिले में राजस्व संबंधी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने और प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाने पर जोर देना था। समीक्षा के दौरान, श्री साहू ने पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों और रिपोर्ट का भी अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से लंबित मामलों की स्थिति पर चर्चा की और निर्देश दिया कि इन मामलों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। एसडीएम ने जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने और समय पर सेवा प्रदान करने की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि निर्धारित समय सीमा में काम पूरा करें। श्री साहू ने उनकी समस्याओं को सुना समाधान भी किया। बैठक में उन्होंने गिरदावरी कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गिरदावरी को समय सीमा में पूर्ण करें, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने अभिलेखों की प्रामाणिकता को सुनिश्चित करने के लिए नियमित अद्यतन और निरीक्षण की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे राजस्व अभिलेखों की प्रामाणिकता बनी रहे। बैठक में अतिक्रमण पंजी संधारण और डिजिटल फसल सर्वे पर भी विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम ने पटवारियों और निरीक्षकों राजस्व संबंधी सभी कार्यों को भी समयबद्ध तरीके से पूरा करें और किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतें। अंत में उन्होंने उनके कार्यों में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और उनसे नियमित रूप से अपने कार्यों की रिपोर्ट देने कहा।

स्वरोजगार के लिए ऋण प्राप्त करने 16 सितम्बर तक आवेदन

कांकेर, 29 अगस्त । जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए 16 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित की गई है। बैंक प्रवर्तित योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत् ऋण प्रदाय की जाएगी।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदक को संबंधित जाति वर्ग तथा जिले का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की वार्षिक आय 01 लाख 50 हजार रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही राजस्व अधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र जारी नहीं होने पर सरपंच एवं पटवारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र मान्य होगा। आवेदक की उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच होना चाहिए। इच्छुक आवेदक को जन्मतिथि दर्शित पांचवी, आठवीं व दसवीं की अंकसूची, आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र, 02 पासपोर्ट साईज की फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा 10 रूपए के स्टाम्प पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण अनुदान का लाभ नहीं लेने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उपरोक्त पात्रता रखने वाले आवेदक अपना आवेदन जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर, कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन, प्रथम तल, कक्ष क्रमांक 06 में 16 सितम्बर तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

विघटनकारी व अलगाववादी तत्वों से कड़ाई से निपटा जायेगा:संतोष पाण्डेय

राजनांदगांव। पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर हुई व्यापक बैठक को संबोधित करते हुये क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि हमारे पड़ोसी मुल्क बंग्लादेश में हुई घटना के बाद देश के भीतर अलगाववादी व विघटनकारी तत्व फिर से सिर उठाने की कोशिश कर रहे है। उन्हे यह नहीं भूलना चाहिये कि भारत की बहुमत जनता न्यायप्रिय, शांतिप्रिय व लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करती है, फिर देश में एनडीए व भाजपा के नेतृत्व में लोकतांत्रिक सरकार कार्यरत् है जिससे उनके मनसूबे पूरे होने वाले नहीं है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने सदस्यता अभियान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुये कहा कि एक दशक बाद पार्टी नये सिरे से सदस्यता अभियान आगामी 02 सितम्बर से प्रारंभ करने जा रही है, इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई-दिल्ली में एक समारोह के साथ सदस्यता अभियान की शुरुआत करेंगे इसके बाद सभी के सदस्य बनने का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि ÷सशक्त भाजपा से ही समृद्ध भारत की नींव ÷ डाली जा सकती है। भाजपा जितनी मजबूत होगी, देश का आर्थिक विकास भी उतना ही बलशाली होगा। हम विश्व की पॉचवी बड़ी अर्थव्यवस्था तो बन ही चुके है, आने वाले समय में हम विश्व की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में एक होगें, यह किसी जादुई स्वप्न से कम नहीं है। यह सब इसलिये संभव हो पाया कि इस देश में भाजपा मजबूत है व उनके नेतृत्व में पिछले एक दशक से भारत का नेतृत्व हो रहा है। मोदी जी दुनिया के सबसे सफल राजनेताओं में शुमार है, विश्व के किसी भी कोनें में कोई संकट हो तो सारी महाशक्तियॉ उसके समाधान की उम्मीद भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी की ओर देखते है।पांडे ने सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं से सक्रिय होने का आव्हान करते हुये कहा कि पूरे देश में 10 करोड़ से अधिक सदस्यों को भारतीय जनता पार्टी के झण्डे के तले जोड़ना है। इसके लिये यह आवश्यक है कि कार्यकर्ता गॉव-गॉव, बूथ-बूथ, मोहल्ले-मोहल्ले जाकर एक-एक व्यक्ति से संपर्क कर उन्हें पार्टी की सदस्यता से जोड़ने का महती कार्य करें, ताकि पार्टी को मजबूत बनाया जा सकें व विघटनकारी व अलगाववादी तत्वों को करारा जवाब दिया जा सकें। बैठक के पश्चात् सांसद श्री पाण्डे ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भोजन ग्रहण किया व पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता से करीब दो घंटे कार्यालय में रूककर मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना व सदस्यता अभियान के लिये आने वाली कठिनाईयों से उन्हे अवगत कराते हुये उसका समाधान बतायाकार्यक्रम के प्रारंभ में जिला भाजपा के महामंत्री राजेन्द्र गोलछा ने स्वागत भाषण किया और जिले में सदस्यता अभियान को लेकर अब तक की गई तैयारियों से उपस्थित कार्यकर्ताओं को अवगत कराया व कहा कि जिले में भारतीय जनता पार्टी का संगठन गांव से लेकर बूथ स्तर तक अत्यंत मजबूत है,

शासकीय वाहन की नीलामी के लिए 12 सितंबर निविदा आमंत्रित

जगदलपुर 29 अगस्त । जिला कार्यालय जगदलपुर की शासकीय वाहन जिप्सी मॉडल 1995 क्रमांक सीजी 02/2944 जिसे कण्डम घोषित किया गया है। उक्त वाहन को कबाड़ के रूप में विक्रय किया जाना है। इस संबंध में इच्छुक फर्म या व्यक्ति 12 सितम्बर को दोहपर 3 बजे तक जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 28 में बंद लिफापा में प्रति किलो की दर से कबाड़ क्रय के संबंध में निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा उसी दिन शाम 4 बजे खोली जाएगी। उच्चतम निविदा मूल्य दर पाये जाने पर व्यक्ति या फर्म को कबाड़ का विक्रय किया जाएगा।

बीएलओ रजिस्टर और घर-घर सर्वे के लिए प्रशिक्षण

जगदलपुर 29 अगस्त । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 निर्धारित समय-सीमा में संपन्न कराने हेतु तहसील जगदलपुर, नानगुर, दरभा और शहरी क्षेत्र के बीएलओ और सुपरवाईजरों का शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में प्रशिक्षण आयोजित किया गया, मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है।

छात्रावासीय छात्र-छात्राओं ने आदिवासी विकास शाखा विभाग के कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया

सुकमा,29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छात्रों की मांग है कि पोस्ट मैट्रिक छात्रावासो का भोजन सहायक राशि पिछले 2023-24 वाला तीन माह का नही मिलने से छात्रावासीय छात्र छात्राए सहायक आयुक्त कार्यालय के अन्दर धरना बैठकर परेशानिया बताया,किराना राशन दुकान मे पिछला बकाया राशि नही देने से इस समय समान नही मिल रहा है, छात्र छात्राओ को परेशानिया हो रहा हैछात्रावास सम्बन्धित अन्य समस्याओ को भी सहायक आयुक्त के सामने रखे, गभीर समस्याओ से जूझ रहे है छात्र जिला मुख्यालय मे ये हालात है छात्रवासो की समस्या,पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास दो जगह संचालित हो रहा है, जिसमे 11- 12 वीं व महाविधालयीन छात्राओ का अलग अलग संचालित हो रहा है एक अधिक्षिका है इस लिए महाविधालयीन छात्रावास के लिए अलग से अधिक्षिका नियुक्त करने की मांग,तीन घंटे तक बैठे रहे।

धान की पत्ती, तने व बालियों में लगने वाले झुलसा रोग का प्रबंधन की जानकारी दी

सुकमा,29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा धान मे लगने वाला झुलसा रोग के बारे में जिले के किसानों को जानकारी दी कि यह कवक जनित रोग है जो धान में पौधे से लेकर बाली बनने तक की अवस्था तक इस रोग का आक्रमण होता है। इसके लक्षण पत्तियों, तने की गाठें और धान की बाली पर प्रमुख रूप से दिखाई देते हैं। रोग की प्रारंभिक अवस्था में निचली पत्तियों पर हल्के बैगनी रंग के छोटे- छोटे धब्बे बनते है, जो धीरे-धीरे बढ़कर आंख के समान बीच मे चौड़े व किनारों पर संकरे हो जाते हैं जो बढ़कर नाव के आकार का हो जाता है जिसे पत्ति ब्लास्ट कहते है आगे चलकर यह रोग का आक्रमण तने की गाठों पर होता है जिससे गाठों पर काले घाव दिखाई देता है रोग से ग्रसित गठान टूट जाती है जिसे नोड ब्लास्ट कहते है धान मे जब बालियां निकलती है उस समय प्रकोप होने पर धान की बाली पर सड़न पैदा हो जाती है और हवा चलने से बालियां टूट कर गिर जाती है। जिसे पेनिकल झुलसा रोग कहते है इसके नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय अपनाना चाहिए। जिसमें खेतो को खरपतवार मुक्त रखे व पुराने फसल अवशेष को नष्ट कर दे। प्रमाणित बीजों का चयन करें। समय पर बुवाई करें व रोग प्रतिरोधी किस्म का चयन करें। जुलाई के प्रथम सप्ताह मे रोपाई पूरी कर ले, देर से रोपाई करने पर झुलसा रोग लगने का प्रकोप बढ़ जाता है। बीज उपचार करने के लिए जैविक कवकनाशी ट्राइकोडर्मा विरीडी 4 ग्राम प्रति कि.ग्रा.बीज या स्यूडोमोनास फ्लोरोसेंस 10 ग्राम प्रति कि.ग्रा. बीज दर से उपचारित करें या रासायनिक फफूँद नाशक कार्बेन्डाजिम 2 ग्राम प्रति कि.ग्रा.बीज की दर से उपचारित करें। संतुलित मात्रा में पोषक तत्वों का उपयोग करें।झुलसा रोग के प्रकोप की स्थिति मे यूरिया का प्रयोग न करें। कल्ले व बाली निकलते समय खेत मे नमी रखें। रोग के प्रारम्भिक लक्षण दिखते ही ट्राईफ्लॉक्सी स्ट्रोबिन 25 प्रतिशत. टेबूकोनाजोल 50 प्रतिशत डब्ल्यू जी 80.100 ग्राम प्रति एकड़ या ट्राईसाइक्लाजोल 75 प्रतिशत डबल्यूपी 100.120 ग्राम प्रति एकड़ या आइसोप्रोथियोलेन 40 प्रतिशत ईसी. 250 दृ 300 मिली प्रति एकड़ या एजोक्सिस्ट्रबिन 16.7ः व ट्रायसाइक्लोजोल 33.3ःए सी का 200 मिली/एकड़ की दर से आवश्यकतानुसार प्रभावित फसलों पर छिड़काव करें।

कक्षा 9 वीं और 10 वीं के बच्चों को नि:शुल्क कोचिंग दे रहा जिला प्रशासन

सुकमा,29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में शिक्षा स्तर को बेहतर करने के लिए जिला प्रशासन ने उच्च माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 9 वीं और 10वीं के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने की दिशा में प्रशासन ने एक और अहम पहल की है। विद्यार्थियों को स्कूल में पढ़ने के बाद अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर पढ़ाई कराई जा रही है। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने आंकाक्षी विकासखण्ड कोंटा सहित विकासखण्ड छिंदगढ़ में विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग प्रदान किया जा रहा है। सुकमा जिले के शासकीय अशासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले नौवीं और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को गणित और विज्ञान विषय की निशुल्क कोचिंग दी जा रही है। कोचिंग के संचालन से आगामी वर्षों में मेडिकल और इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों को कक्षाओं के साथ ही प्रवेश परीक्षाओं के लिए मदद मिलेगी। निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग के लिए विद्यार्थियों की रोजाना क्लास लगाई जा रही है। विकासखण्ड छिंदगढ़ में कन्या हाई स्कूल छिंदगढ़ में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक और विकासखण्ड कोंटा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम कोंटा में शाम 5 बजे से 7:30 तक कक्षाएं लगाई जा रही है। सहायक नोडल अधिकारी श्री आशीषराम ने बताया कि प्रशासन के इस अभिनव पहल से बच्चों में गणित अंग्रेजी विज्ञान विषयों के प्रति रुचि बढ़ी है और आगे चलकर बच्चों में गणित विज्ञान संकाय के लिए बहुत सहायक सिद्ध होगा तथा नीट कोचिंग व आईआईटी कोचिंग परीक्षाओं में भी मदद मिलेगी। इन अतिरिक्त कक्षाओं से बच्चों का परीक्षाफल में भी सुधार होगा।पीपीआईए फेलो अरकजा ने बताया कि निःशुल्क कोचिंग में किसी भी स्कूल के बच्चे कोचिंग क्लास में शामिल हो सकते है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने जिला मुख्यालय एजुकेशन सिटी में नीट और जेईई सहित स्वामी विवेकानंद परिसर सुकमा में हास्टल वार्डन और पीएससी की कक्षाएं संचालित की जा रही है।

उनकी जिमेदारी थीं की वो आएं अपना बयान दर्ज करवाएं

सुकमा,29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास मित्र व समर्पित मानव संसाधन के चयन के लिए 16 सितम्बर 2024 तक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुकमा में स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं सामग्री की उपलब्धता में सहायता के दृष्टिकोण से विकासखंड छिंदगढ़ में 34, विकासखंड कोटा में 52 और विकासखंड सुकमा में 24, क्लस्टर में कुल 110 आवास मित्र व समर्पित मानव संसाधन के चयन किया जाएगा। इस संबंध में शैक्षणिक योग्यता एवं आवेदन पत्र प्रारूप सहित विस्तृत जानकारी हेतु जिले की आधिकारिक वेबसाईट 222.स्ह्वद्मद्बड्ड.द्दश1.द्बठ्ठ से प्राप्त की जा सकती है।

एक नजर

ओव्हरब्रिज के नीचे विभिन्न खेलों के लिए होगा मिनी कोर्ट निर्माण:राशि महिलांग

महासमुंद, 29 अगस्त। शहर के तुमगांव मार्ग पर निर्मित ओव्हरब्रिज के नीचे खाली पड़ी जगह पर जल्द ही राजधानी रायपुर की तर्ज पर मिनी क्रिकेट कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण होगा। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने सभापति, पार्षद और नागरिकों की उपस्थिति में निर्माण कार्य शुरू करने के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर श्रीमती महिलांग ने कहा शहरवासियों की अपेक्षाओं के अनुरूप शहर को संवारने और विकास को गति देने उनका निरंतर प्रयास जारी है। इसी कड़ी में शहर के खिलाड़ियों द्वारा लंबे समय से ओव्हरब्रिज के नीचे खाली पड़ी जगह पर मिनी क्रिकेट कोर्ट, बाल बैडमिंटन और बास्केटबॉल के साथ ही छोटे-छोटे खेल के लिए कोर्ट निर्माण किए जाने की मांग की जा रही थी। शहर के खिलाड़ियों ने इसके लिए मुझे कुछ माह पूर्व ज्ञापन भी सौंपा था। उनकी मांग और अपेक्षाओं के अनुरूप सभापति और पार्षदों के साथ मिलकर हमने कार्य योजना तैयार की जिसे आज मूर्त रूप देने की शुरुआत भूमिपूजन के साथ किया जा रहा है। भूमिपूजन के दौरान सभापति बबलू हरपाल, श्रीमती सरला गोलू मदनकार, मीना वर्मा, माधुरी महेंद्र सिका, तारेन चंद्राकर, पालिका कर्मियों में सीताराम चेलक, दिलीप चंद्राकर, करण यादव दुर्गेश, नौशाद बक्श, यशवंत, उमेश साहू के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

एसडीएम ने पटवारी और राजस्व निरीक्षकों के कामकाज की समीक्षा की

महासमुंद, 29 अगस्त। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद श्री उमेश कुमार साहू ने आज हल्का पटवारी और राजस्व निरीक्षकों के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने गिरदावरी, अभिलेख शुद्धता, अतिक्रमण पंजी संधारण, डिजिटल फसल सर्वे जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती मिषा कोसले, तहसीलदार श्री श्रीधर पंडा सहित राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी मौजूद थे।इस बैठक का उद्देश्य जिले में राजस्व संबंधी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने और प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाने पर जोर देना था। समीक्षा के दौरान, श्री साहू ने पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों और रिपोर्ट का भी अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से लंबित मामलों की स्थिति पर चर्चा की और निर्देश दिया कि इन मामलों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। एसडीएम ने जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने और समय पर सेवा प्रदान करने की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि निर्धारित समय सीमा में काम पूरा करें। श्री साहू ने उनकी समस्याओं को सुना समाधान भी किया। बैठक में उन्होंने गिरदावरी कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गिरदावरी को समय सीमा में पूर्ण करें, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने अभिलेखों की प्रामाणिकता को सुनिश्चित करने के लिए नियमित अद्यतन और निरीक्षण की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे राजस्व अभिलेखों की प्रामाणिकता बनी रहे। बैठक में अतिक्रमण पंजी संधारण और डिजिटल फसल सर्वे पर भी विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम ने पटवारियों और निरीक्षकों राजस्व संबंधी सभी कार्यों को भी समयबद्ध तरीके से पूरा करें और किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतें। अंत में उन्होंने उनके कार्यों में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और उनसे नियमित रूप से अपने कार्यों की रिपोर्ट देने कहा।

एक करोड़ से अधिक के कार्यों से शहर की कई सड़कों का होगा कायाकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 29 अगस्त। एक करोड से भी अधिक की लागत से अब शहर के विभिन्न वार्डो मे सी.सी.सडक का निर्माण कर आवाजाही की सुविधा को और बेहतर बनाने की पहल शुरू हो चुकी है। विधायक गोमती साय एवं नगर पंचायत के अधिकारी जावेद खान के प्रयास से नगरीय प्रशासन ने शहर के पंद्रह वार्डो का कायाकल्प करने के लिए एक करोड से भी अधिक की राशि स्वीकृत हो चुकी है,इस कार्य के अंतर्गत बीस से भी अधिक सी.सी. रोड का निर्माण के अलावा बस स्टैन्ड मे पेवर ब्लाक लगाकर सौदंर्यीकरण का काम किया जायेगा। बताया जाता है कि एक करोड़ की लागत से बनने वाली अधिकांश सड़के नयी बनायी जायेगी,जिसके बनने के बाद वार्डवासियों को आवाजाही की बेहतर सुविधा मिल सकेगी,उसके अलावा जर्जर हो चुके बस स्टैन्ड में भी पेवर ब्लाक लगाकर सौंदर्यीकरण का काम किया जायेगा। बताया जाता है कि पिछले लंबे समय से शहर में स्थित नगर पंचायत के अनेक वार्डो में नवीनीकरण का काम नही कराया जा सका है,फंड के अभाव की वजह से अनेक वार्ड की सी.सी.सड़के मरम्मत मांग रही है,उसके अलावा गंदे पानी की निकासी के लिए भी वार्डवासियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी,जिसे देखते हुये नगर पंचायत के सी.एम.ओ जावेद खान ने प्रस्ताव बनाकर विधायक गोमती साय के समक्ष रखा,उन्होने तत्काल नगरीय प्रशासन से कार्यो की स्वीकृति दिलाकर शहर के लोगो को एक बडी सुविधा की सौगात भेंठ करी है।।

गुणवत्ता से करें कार्य नही तो होंगे ब्लैक लिस्ट-:शहर के विभिन्न वार्डो के लिए विधायक के प्रयास से आये करोडो रूपये के फंड पर किये जाने वाले कार्यो मे विधायक गोमती साय ने किसी तरह की लापरवाही ना बरतने की हिदायत दी है। उनका कहना था कि शहर के वार्ड मे होने वाले निर्माण कार्य मे यदि गुणवत्ता से समझौता किया जाता है तो किसी हाल मे एजेंसी को बख्शा नही जायेगा। उनका कहना था कि गुणवत्ता के मानक का पालन ना करने वाले एजेंसी संचालक को ब्लैक लिस्ट कराने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कार्यो की स्वयं से मॉनिटरिंग करने की बात कही।।

पुरानी सड़के नही बची चलने के काबिल-:नगर पंचायत के पंद्रह वार्डो मे पिछले कुछ सालो के दौरान बनायी गयी अधिकांश सडके जर्जर हो चुकी है,अब ये सडके वार्डवासियों को चलने की सुविधा देने मे एकदम असमर्थ हो चुकी है। वार्डवासियों की यदि माने तो पूर्व मे कराये गये कार्यो मे गुणवत्ता का जरा भी ध्यान नही रखा गया,यही कारण है कि अपनी परफार्मेंस गारंटी का समय से पूर्व ही सडके बदहाल हो गयी।।

सामाजिक संबंधों को एक मंच पर सहेजने का पर्व है अग्रसेन जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 29 अगस्त। भगवान अग्रसेन का जन्मदिन सिर्फ एक जयंती नही है,यह पर्व सामाजिक संबंधो को एक मंच पर सहेजने का दिन है,समाज को मंदिर बनाने से कही अधिक विद्यालय बनाने की जरूरत है,जहा समाज की बेटियों को एक बेहतर शिक्षा के साथ-साथ उन्हे सामाजिक परिवेश एवं भाषा का भी सही मायने मे ज्ञान कराया जा सके। यह बातें अग्रवाल सभा के सचिव एवं अध्यक्ष पद के वरिष्ट प्रत्याशी प्रयागराज अग्रवाल ने अग्रवाल नवयुवक समिती के नवनियुक्त पदाधिकारीयों को सम्मानित करते हुये कही। उन्होने वर्ष 2024 मे भगवान अग्रसेन जी की जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाने के लिए गठित नवयुवक समिती के अध्यक्ष संस्कार गर्ग एवं सचिव वेदांत मित्तल को शुभकामनायें देते हुये जयंती के सभी कार्यक्रमो को बेहद खास तरीके से बनाने का सुझाव दिया। उन्होने नवयुवक समिती को आयोजित होने वाले कार्यक्रमो मे लोक संस्कृति के साथ-साथ सामाजिक संस्कृति का विशेष ख्याल रखने की बात कही। उनका कहना था कि कार्यक्रमो की रूपरेखा समय का उचित ध्यान रख के ही बनायी जाये,जिससे किसी को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पडे। उन्होने जयंती मनाने के दौरान सामाजिक बजट का ख्याल रखने की भी बात कही। दरअसल अग्रवाल नवयुवक समिती का गठन कुछ दिनो पहले हो चुका है,जिसमे संस्कार गर्ग को अध्यक्ष एवं वेदांत मित्तल को सचिव की जिम्मेदारी दी गयी है,परंतु अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पद पर आपसी सहमति ना बनने के कारण इस बार चुनाव के माध्यम से अग्रवाल सभा का अध्यक्ष चुना जायेगा,इस पद के लिए वरिष्ट प्रत्याशी प्रयागराज अग्रवाल ने भी अपना नामांकन दाखिल किया है,उन्होने अध्यक्ष पद के चुनाव को मात् समाज की एक प्रक्रिया बताया है,उनका कहना था कि चुनाव कोई प्रतिस्पर्धा नही है,किसी भी समाज मे एक व्यक्ति समाज नही चला सकता,उसे

प्लेसमेंट कैम्प 30 अगस्त को

रायगढ़, 29 अगस्त। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में 30 अगस्त 2024 को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र में रिक्त 41 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक एवं योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं बॉयोडाटा के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार मे.गोयल हुन्डाई जिंदल रोड भगवानपुर, रायगढ़ में सेल्स कंसल्टेंट के 5 पद, टीम लीडर सेल्स के 2 पद, फ्लोर इंचार्ज के 1 पद, सर्विस एडवाईजर के 2 पद एवं वाशिंग इंचार्ज के 1 पद रिक्त है। इसी तरह मे.एच.एस.एम.ग्लोबल पब्लिक एच.आर.सेकेण्डरी स्कूल रायगढ़ में एडमिशन मैनेजर के 3 पद एवं मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव के 2 पद तथा मे.मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड, रायपुर में रिलेशनशिप ऑफिसर के लिए कुल 25 पद रिक्त है।

कलेक्टर ने जनसुविधा यात्री बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 29 अगस्त । छत्तीसगढ़ शासन के नियद नेल्लानार आपका अच्छा गांव योजना के तहत माओवाद प्रभावित क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

नियद नेल्लानार योजना के तहत सुरक्षा कैम्प के 5 किलोमीटर परिधि के गांवो में सड़क, बिजली, पानी, राशन, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सभी प्रकार की सुविधाओं का विस्तार तीव्र गति से किया जा रहा है।शासन के इस महत्वाकांक्षी योजना से अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। मुख्यधारा से जुड़कर यहां के ग्रामीण स्वयं के एवं अपने आने वाली पीढ़ी के सुखद भविष्य के लिए प्रफुल्लित नजर आ रहे है।इसी क्रम में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के दिशा-निर्देश में अति सुदूर क्षेत्र कांवड़गांव, हिरोली, पुसनार, गंगालुर, चेरपाल, पदेड़ा, रेगड़गुट्टा जैसे गांवों के ग्रामीणों को सुगमतापूर्वक जिला मुख्यालय पहुंचाने हेतु जनसुविधा बस को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय एवं सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने जनसुविधा बस में यात्रा कर चिकटराज तक पहुंचे।चिकटराज देव मंदिर में पहुंचकर कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने चिकटराज देव का दर्शन कर जिले की सुख समृद्धि की कामना की, वहीं चिकटराज मंदिर में सीसी सड़क का भूमिपूजन भी किया। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय का इस माह के अंत में जिले में कार्यकाल समाप्त होने वाला है इस हेतु मंदिर समिति के सदस्यों ने आत्मीयतापूर्वक कलेक्टर से सौजन्य मुलाकात कर स्थानीय आदिवासी संस्कृति की कलाकृति भेंट की।इस अवसर पर एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद, जनपद सीईओ श्री गीत कुमार सिन्हा, सीएमओ श्री पालदास सहित मंदिर समिति के सदस्यगण एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने युक्तियुक्तकरण के विरोध में विधायक को सौंपा ज्ञापन

बीजापुर,29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छग शासन द्वारा जारी शाला एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण आदेश के विरोध में शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने 28/08/2024 बुधवार को विधायक निवास बीजापुर में क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी को ज्ञापन सौंपा।इस दौरान शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने कहा कि वर्तमान सरकार यदि मोर्चा के सुझावों पर विचार नही करेगी,तो आने वाले दिनों में शिक्षक तालाबंदी कर शाला बहिष्कार करने को बाध्य होंगे,शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण में विसंगतियां है। शासन के द्वारा युक्तियुक्तकरण किये जाने की तैयारी की जा रही है,यह गरीब बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से दूर रखने की साजिश है। बेरोजगारों के साथ साजिश है,शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित जिया जा रहा है।विधायक विक्रम ने शिक्षक संगर्ष मोर्चा के शिक्षकों को ये भरोसा दिलाया है कि आपकी समस्त मांगो को शासन प्रशासन तक पहुंचाया जायेगा।

राष्ट्रीय खेल दिवस में सम्मानित होंगे जिले के खिलाड़ी

बीजापुर,29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 29 अगस्त मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है विगत 5 वर्षों बाद रायपुर में पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा सम्मानित किया जाएगा जिसमें बीजापुर जिले से 11 खिलाड़ियों का चयन हुआ है जो की सभी अकादमी के सॉफ्टबॉल खेलते हैं जिसमें राकेश और भूपेंद्र को मुख्यमंत्री ट्रॉफी नवाजे जाएंगे वही बाकी खिलाड़ी खेल अंकुर एवं नगद राशि से मुख्यमंत्री जी के द्वारा सम्मानित किए जाएंगे जिसमें ज्योति हेमला,सुनीता हेमला, कविता हेमला ,अरुण पुनेम राकेश भूपेन संदीप उरसा शामिल है यह सभी नेशनल प्रतियोगिताओं में सिल्वर गोल्ड एवं ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए है राज्य अलंकरण समारोह में मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को ही सम्मानित किया जाता है और यह बीजापुर जिले के बहुत गौरव की बात है अकादमी की इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत रमेश नंदनवार एवं जिला खेल प्रभारी श्री नारायण प्रसाद गवेल ने अत्यंत हर्ष व्यक्त किया है सभी खिलाड़ी आज रायपुर के लिए रवाना हो रहे है। उक्त जानकारी जिले के श्रम निरीक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल कोच श्री सोपान कर्णेवार ने दी।

नक्सली आपरेशन के दौरान सड़क हादसे का शिकार हुए एएसआई

बीजापुर,29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कल रात भैरमगढ़ क्षेत्र के बेचापाल की ओर नकसली सर्चिंग पर.निकले एक एएसआई की खाई में बाईक सहित गिरने से मौत हो गई है यहां बतादे गृह मंत्री के पालनार प्रवास पर इसी एएसआई को सुरक्षा मे तैनात किया गया था जिसने अपनी जिम्मेदारी बखुबी निभाई शहीद जवान तेलम कल.शाम भी नकसली आपरेशन पर निकला था और हादसे का शिकार हुआ आज गार्ड ऑफ आनर के बाद.शहीद जवान के शव को परिजनों को सौंपा जाएगा।

आबकारी टीम ने नाकाबंदी कर 15 लीटर महुआ शराब तथा 1 दोपहिया जब्त किया

महासमुंद 29 अगस्त । कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में आबकारी टीम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई सतत जारी है। इसी क्रम में आबकारी टीम द्वारा बुधवार को मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी वृत्त सांकरा अंतर्गत शंकरपुर से इंदरपुर मुख्य मार्ग में नाकाबंदी कर बिना नम्बर प्लेट वाली दोपहिया हीरो सुपर स्प्लेंडर से परिवहन करते आरोपी श्री लेकरू नंद, श्री राजेश नंद साकिन शंकरपुर, थाना सांकरा के कब्जे से अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब-15 लीटर बाजार मूल्य 3000 रुपए एवं जप्त वाहन-01 बाजार मूल्य 45000 रुपए जप्त किया गया तथा धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत प्रकरण कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराए जाने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त सांकरा के प्रभारी अनिल कुमार झारिया, आबकारी उपनिरीक्षक के नेतृत्व में की गई। कार्यवाही के दौरान आबकारी स्टॉफ सांकरा एवं पिथौरा उपस्थित थे।

पशुओं को मुख्य मार्ग से हटाने की जा रही है लगातार कार्रवाई

महासमुंद 29 अगस्त। कलेक्टर श्री विनय लंगेह के निर्देश पर आवारा पशुओं को सड़क से हटाने की कारवाई नगरीय निकायों और जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों द्वारा लगातार किया जा रहा है। पशुओं में रेडियम बेल्ट भी लगाए जा रहे हैं। पशु मालिकों को पहले समझाईश दी जा रही है, लेकिन समझाईश के पश्चात भी खुले में छोड़ने या मुख्य मार्ग पर विचरण करते पाए जाने पर पेनाल्टी भी लगाई जा रही है। बसना, सरायपाली, बागबाहरा, पिथौरा एवं महासमुंद नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर कार्रवाई संबंधित सीएमओ एवं सीईओ द्वारा की जा रही है।जानकारी के अनुसार नगरीय एवं जनपद क्षेत्र महासमुंद अंतर्गत 2200 रुपए, इसी तरह बसना में 3400 रुपए, बागबाहरा में 2200 रुपए, पिथौरा में 1400 रुपए एवं सरायपाली में 3150 रुपए का पेनाल्टी लगाया गया है। इस तरह कुल 12350 रुपए का पेनाल्टी काटा गया।ज्ञात है कि कलेक्टर ने सड़क पर बैठे आवारा पशुओं को हटाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने विगत दिनों समय सीमा की बैठक में भी उक्त निर्देश का कड़ाई से पालन करने कहा था।

कुपोषण में कमी लाने राष्ट्रीय पोषण माह 1 से 30 सितम्बर तक

रायगढ़, 29 अगस्त। कुपोषण एवं एनीमिया में कमी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 1 से 30 सितम्बर 2024 तक जिले में पोषण माह का आयोजन होने जा रहा है। पोषण अभियान के तहत महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर की बेहतरी के उद्देश्य से सितंबर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य जिले के कुपोषित बच्चों को चिन्हित और उनकी मानिटरिंग करना है तथा जन आंदोलन और जनभागीदारी से कुपोषण को मिटाना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री एल.आर.कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि पोषण माह के दौरान जन-जागरूकता के लिए दैनिक गतिविधियों का कैलेंडर तैयार किया गया है। प्रथम सप्ताह में एनीमिया जांच एवं इसके लिए विभिन्न विकासखण्डों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर कैम्प का आयोजन होगा। साथ ही तीज त्योहारों को पोषण और स्वास्थ्य गतिविधियों से जोड़ते हुए गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। महिलाओं में पोषण के विषय पर मेहंदी रचाओं प्रतियोगिता के माध्यम से पोषण के प्रचार-प्रसार का कार्य किया जाएगा। इसी तरह सार्वजनिक गणेश उत्सव में फ्लैक्स, पोस्टर बैनर के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जाएगा। 'पोषण सभी के लिए' थीम पर कार्यकर्ता, सहायिका की रील/मीम प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। लो-कास्ट-हाई कैलोरी थीम पर व्यंजन प्रतियोगिता एवं स्थानीय भाजी प्रदर्शनी का आयोजन सेक्टर स्तर पर होगा। पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर जिला एवं परियोजना स्तर पर कार्यशाला का आयोजन तथा स्तनपान के महत्व की थीम पर शिशुवती माताओं के लिए सेक्टर एवं केन्द्र स्तर पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन माह के चतुर्थ सप्ताह में किया जाएगा। पोषण पंचायत को सक्रिय करते हुए प्रत्येक विकासखण्ड में एक-एक सुपोषित पंचायत को चिन्हांकित किया जाएगा जहां सबसे कम कुपोषण है। इस अभियान में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर साइकिल एवं बाईक रैली का आयोजन होगा।

9 से 17 सितम्बर तक होगा वजन त्यौहार

पोषण माह के द्वितीय सप्ताह में 9 से 17 सितम्बर तक जिले में वजन त्यौहार का आयोजन होगा। इसमें प्रत्येक सेक्टर के किसी एक पंचायत के सभी केन्द्रों में किसी एक दिन शत-प्रतिशत बच्चों को केन्द्र में लाकर उनकी वजन व ऊंचाई का मापन किया जाएगा।

स्कूल एवं कालेजों में होगा पोषण संकल्प का वाचन

पोषण माह के दौरान स्कूल एवं कालेजों को जोड़ते हुए जिले के प्रमुख कॉलेज, हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं हाईस्कूल में परिचर्चा, कार्यशाला, व्यंजन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रदर्शन, बीएमआई सत्र इत्यादि का आयोजन किया जाएगा।

पोषण माह के लिए दैनिक गतिविधियों का कैलेण्डर जारी

राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ सहयोगी विभाग एवं संस्था के माध्यम से 1 से 30 सितम्बर विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। जिसमें 1 सितम्बर को राज्य स्तर पर पोषण माह का शुभारंभ होगा। इसी तरह 2 सितम्बर को जिला अस्पताल सहित स्वास्थ्य केन्द्रों में किशोर बालक-बालिकाओं, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए एनीमिया स्वास्थ्य जांच कैम्प का आयोजन किया जाएगा। 3 सितम्बर को वीएचएसएनडी में पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर चर्चा, महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को उनको मिलने वाली सहायता राशि का उपयोग उनके स्वास्थ्य एवं पोषण में किए जाने पर चर्चा होगी। 4 सितम्बर को एनीमिया कैम्प, 5 एनीमिया पर वेबीनार का आयोजन, 6 सितम्बर को वृद्धि अनुश्रवण पर नारा लेखन, 7 सितम्बर को वृद्धि मापन पर वेबीनार, 8 सितम्बर को वृद्धि मापन पर सेक्टर स्तरीय गतिविधि का आयोजन होगा। इसी तरह 9 सितम्बर से 16 सितम्बर तक वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण के तहत आंगनबाड़ी स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी।

17 सितम्बर को वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा, 18 सितम्बर को आंगनबाड़ी/ स्कूल स्तर पर स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से किशोरी बालिकाओं के साथ पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता तथा स्व-सहायता समूह के सहयोग से स्थानीय पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 19 सितम्बर को पूरक आहार जागरूकता गतिविधियां आयोजित होगी। 20 सितम्बर को स्थानीय खाद्य पदार्थो के संबंध में प्रदर्शनी/जनजागरूकता का आयोजन, 21 सितम्बर को स्तनपान का महत्व, 22 सितम्बर को पर्यावरण सुरक्षा आधारित कार्यक्रम, 23 सितम्बर को आंगनबाड़ी/ स्कूल स्तर पर खेल-खेल में पोषण ज्ञान प्राप्त करने संबंधी गतिविधि, 34 सितम्बर को खेल आधारित शिक्षा पर परवरिश के चैम्पियन कार्यक्रम पर पालक सत्र का आयोजन, 25 सितम्बर को पोषण ट्रेकर एप का प्रभावी क्रियान्वयन, 26 सितम्बर को खेल भी पढ़ाई भी विषय पर राज्य स्तरीय वेबीनार, 27 सितम्बर को जल संरक्षण विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम, 28 सितम्बर को वेस्ट वॉटर का उचित निपटान, 29 सितम्बर को पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर राज्य स्तरीय वेबीनार तथा 30 सितम्बर को जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन होगा।

चक्रधर समारोह आयोजन के लिए रामलीला मैदान में तैयारियां शुरू

रायगढ़, 29 अगस्त। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने अन्य अधिकारियों के के साथ चक्रधर समारोह-2024 के आयोजन की तैयारियों के संबंध में रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। एडिशनल एसपी श्री आकाश मरकाम, नगर निगम आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी भी इस दौरान साथ रहे अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने इस दौरान रामलीला मैदान के लेबलिंग करने के निर्देश नगर निगम और लोक निर्माण विभाग को दिए। मंच की तैयारियों के साथ पंडाल और उसमें बैठक व्यवस्था को लेकर चर्चा कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल में प्रवेश, ग्रीन रूम की तैयारी के लिए आवश्यक व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम स्थल के आस पास पार्किंग तैयार करने और सुरक्षा व्यवस्था के लिए बैरिकेडिंग इत्यादि के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान ईई पीडब्ल्यूडी श्री अमित कश्यप, खाद्य अधिकारी श्री खुमेश्वर सिंह, खनिज अधिकारी श्री राजेश माल्वे, तहसीलदार श्री शिव कुमार डनसेना, एसडीओ ईएंडएम श्री मुकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में छात्र अलंकरण समारोह 'कर्तव्य' 2024 का आयोजन

छात्रसंघ का गठन, ओम बने शाला नायक और अपूर्वा शाला नायिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 29 अगस्त। खमरिया, भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल दिनांक 28 अगस्त 2024 को स्टूडेंट रिप्रेजेंटेटिव कमेटी (एसआरसी) के तहत, छात्र अलंकरण समारोह 'कर्तव्य'- 2024 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 11वीं (वाणिज्य संकाय) के छात्र ओम बिश्नोई को शाला नायक तथा कक्षा 12वीं (विज्ञान संकाय) की छात्रा अपूर्व मिश्रा को शाला नायिका चुना गया। इसी प्रकार उप शाला नायक, क्षितिज शर्मा (नौवीं 'अ'), उप शाला नायिका, ख्याति साहू (दसवीं 'अ') एक्टिविटी परफेक्ट, मोहित कुमार (ग्यारहवीं कला संकाय) स्पोर्ट्स परफेक्ट, लोमेश भार्गव (बारहवीं विज्ञान संकाय) आदि को चुना गया। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी छात्रसंघ गठन के विभिन्न कई महत्वपूर्ण पदों के लिए चयनित सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को मंच पर बुलाकर उनकी उपस्थिति में उनके ही कर कमलों द्वारा अपने-अपने पाल्यों को बैज (बिल्ला) पहनाया गया। कार्यक्रम रोचक व आकर्षक रहा। बच्चों द्वारा बहुत ही मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ वीणावादिनि के तैल चित्र पर दीप प्रवलित कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने एक अच्छे लीडरशिप के लिए विशिष्ट छः गुणों का जिक्र किया। मंच का संचालन वरिष्ठ समन्वयक पवन केशरवानी ने किया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा, सह-प्रबंधक संदीप गोयल, प्रधानाचार्य योगेश पोपट, सभी शिक्षक सहित छात्र उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

ब्रह्माकुमारी सस्था में मनाई गई जन्माष्टमी

तिल्दा नेवरा, 29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ब्रह्माकुमारी सेंटर में आज जन्माष्टमी का पर्व पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण, राधा और यशोदा मैया का रूप धारण किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में अन्य भाई-बहनों ने भी महारास नृत्य में भाग लिया, जिसमें सभी कृष्ण और राधा के रूप में सजे हुए बच्चों के बीच नाचते-गाते नजर आए। मंच के मध्य में एक सुंदर झांकी भी सजाई गई, जिसमें श्रीकृष्ण को झूले पर विराजमान दिखाया गया। इस झांकी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और पूरे कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने श्रीकृष्ण के गुणों को अपने जीवन में धारण करने की शपथ ली। इस पावन अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

एक नजर

कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज बर्दाश्त नहीं: सुशील शर्मा

भाटापारा, 29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं प्रदेश

प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का क़ाफ़िला रोकने वालो के ख़िलाफ़ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों पर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया और सभी को ज़बरदस्ती धरना इस्थल से खदेड़ा गया भाजपा सरकार के इस पुलिसिया आन्तक की घोर निंदा करते हुये कहा कि सरकार अपनी पुलिसिया गुंडागर्दी करने वाले अधिकारी को तत्काल निलंबित करे क्योंकि प्रजातंत्र में विरोध प्रदर्शन करना सबका अधिकार होता है अपने नेता के ख़िलाफ़ हुई घटना के विरोध में ज़ोरदार प्रदर्शन होने से भाजपा सरकार विचलित होकर ग़लत निर्णय लेकर बेगुनाह काँग्रेसी कार्यकर्ताओं पर पुलिसिया लाठी चार्ज करवा कर ग़ैर लोकतांत्रिक कदम उठा रही है इस कदम का सभी कार्यकर्ता पुरज़ोर विरोध करते है। पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की माँग करते हुये आगे कहा कि भाजपा सरकार में क़ानून व्यवस्था बहुत ही कमजोर और लचर हो गई है पूर्व मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक होना और उपद्रवी तत्वों के बदसूलकी के ख़िलाफ़ कार्यवाही नहीं होना सरकार की बदलापुर की नीति को प्रदर्शित करती है सरकार की पुलिसिया कृत्य हमे अस्वीकार है सरकार अपनी राजनीतिक मर्यादा का उल्लंघन कर रही है तथा राजनीतिक वातावरण को ख़राब करने में लगी हुई है। सुशील शर्मा ने सरकार को चेतावनी देते हुये कहा कि भविष्य में कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज करने की घटना बर्दाश्त नहीं किया जायेगा येसी हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देने कॉंग्रेस कार्यकर्ता तैयार रहें।

छुरा में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

छुरा, 29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्रामीण अंचल के ग्राम गिधनी, खैरझिटी, ओनवा लोहझर, पंडरीपानी, रवेली, जरगांव, मड़ेली, पीपरछेड़ी में सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।और इसी बीच ग्राम गिधनी निवासी पुनितराम ठाकुर ने अपने छोटे से बालक को वेशभूषा पहन कर बाल गोपाल राधा-कृष्ण बनाकर पूजा अर्चना कर आरती किया गया।और घर में दही हण्डी फोड़ा गया साथ ही साथ सभी लोग ने भगवान राधा कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया।और प्रसाद वितरण किया गया।और विभिन्न गांवों में देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मटका फोड़ा का कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था।

तिल्दा ओव्हर ब्रिज के नीचे चोरी, उठाईगिरी की घटना का राजफाश

नट गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार, एक फरार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 29 अगस्त। तिल्दा नेवरा में पिछले दिनों पुलिस में प्रार्थी द्वारा बैंक से रकम निकालकर जाने के दौरान उठाईगिरी का शिकार बनाने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त घटना को मध्यप्रदेश के नट गिरोह ने अंजाम दिया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। एक आरोपी अभी भी फरार है। प्रकरण में संलिप्त दोनों आरोपी रिश्ते में चाचा-भतीजा हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की रहीं अहम् भूमिका। आरोपी आकाश कंजर उर्फपप्पू है नट गिरोह का सदस्य जो मूलतः अनुपपुर (मध्य-प्रदेश) का है निवासी। आरोपी के कब्जे से चोरी की नगदी रकम 1, 20, 000/- रूपये, घटना से संबंधित 01 नग मोबाईल फोन तथा घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर सायकल क्रमांक एम एच/04/ई जे/6536 किया गया है जप्त।आरोपी आकाश कंजर उर्फपप्पू पूर्व में भी म.प्र. व छ.ग. राज्य में चोरी/उठाईगिरी के आधा दर्जन से अधिक घटनाओं को दे चुका है अंजाम, जिनमें आरोपी रह चुका है जेल निरूद्ध। प्रकरण में संलिप्त एक अन्य आरोपी है फरार, जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के किये जा रहे है हर संभव प्रयास। आरोपी के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

राधेश्याम साहू ने थाना तिल्दा नेवरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह वार्ड क्रमांक 07 ग्राम कुंदरू, थाना तिल्दा नेवरा, जिला रायपुर का निवासी है तथा बजरंग पावर प्लांट टण्डवा एवं गौरी गणेश कंपनी मंढी में सिविल ठेकेदारी का काम करता है। प्रार्थी प्रत्येक माह की 20 तारीख के आसपास कंपनी में कार्यरत लेबरों का रकम निकालने के लिए तिल्दा स्थित बैंक ऑफ बडौदा जाता था, कि दिनांक 20.06.2024 को प्रार्थी लगभग 03:30 बजे अकेले अपने मोटर सायकल से लेबर पेमेंट निकालने बैंक ऑफ बडौदा तिल्दा आया था तथा बैंक से नगदी रकम 7, 00, 000/- (सात लाख रूपये) निकालकर अपने पास रखें बैग में रखकर बैग को मोटर सायकल के हैण्डल में टांगकर अपने घर ग्राम कुंदरू जा रहा था, कि शाम करीबन 06:00 बजे प्रार्थी तिल्दा अंडर ब्रिज प्रवेश द्वार के पहले अपनी मोटर सायकल को रोड किनारे खडी करके ओवर ब्रिज के नीचे लघुशंका करने रूका। लघुशंका कर पीछे मुड़कर देखा तो एक काले रंग के मोटर सायकल में सवार दो व्यक्ति आकर उसकी मोटर सायकल के हैण्डल में टंगे बैग जिसमें नगदी रकम 7, 00, 000/- रूपये रखा था, को निकालकर चोरी कर भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा तथा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना

तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

तरीका वारदात के आधार पर घटना को किसी बाहरी गिरोह द्वारा अंजाम देना प्रतीत हो रहा था, प्रायः इस तरीका वारदात के आधार पर नट गिरोह द्वारा चोरी/उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया जाता है। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा नट गिरोह पर फोकस करते हुए कार्य करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल सहित आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही आरोपियों द्वारा फरार होने हेतु जिन मार्गो का उपयोग किया गया था उन मार्गों में भी लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों को खंगाला गया। आरोपियों द्वारा घटना के दौरान जिस दोपहिया वाहन का उपयोग किया गया था उस दोपहिया वाहन के संबंध में भी जानकारी एकत्र करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाया गया। तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से भी अज्ञात आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त एक आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई तथा आरोपी की पहचान अनुपपुर (मध्य-प्रदेश) निवासी आकाश कंजर उर्फपप्पू के रूप की गई तथा टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी आकाश कंजर उर्फपप्पू की पतासाजी करते हुए आरोपी को पकड़ा गया।

प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आकाश कंजर उर्फ पप्पू से कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने चाचा के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर आरोपी आकाश कंजर उर्फ पप्पू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की नगदी रकम 1, 20, 000/- रूपये, घटना से संबंधित 01 नग मोबाईल फोन तथा घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर सायकल क्रमांक एम एच/04/ई जे/6536 को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कार्यवाही किया गया। आरोपी आकाश कंजर उर्फपप्पू पूर्व में भी चोरी/उठाईगिरी के आधा दर्जन से अधिक प्रकरणों में मध्य-प्रदेश के शहडोल, अनुपपुर, जबलपुर तथा छत्तीसगढ़ के चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़ एवं कवर्धा जिलों के थानों से जेल निरूद्ध रह चुका है। प्रकरण में संलिप्त एक आरोपी जो गिरफ्तार आरोपी आकाश कंजर उर्फ पप्पू का चाचा है, वह फरार है जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

जनसमस्या निवारण शिविर में मंत्री टंकराम वर्मा हुए शामिल

तिल्दा नेवरा, 29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ब्लाक के ग्राम सांकरा में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निराकरण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार आयोजित किए गए जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष सहित अनेक लोग सम्मिलित हुए। मंत्री के समक्ष शिविर में अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे प्रत्येक नागरिक की समस्या को दर्ज कर गंभीरता के साथ त्वरित निराकृत किया गया, और जो कुछ समस्याएँ तुरंत हल नहीं हो सकीं हैं उनका भी शीघ्र-अतिशीघ्र तय समय सीमा में निदान कर दिया जाएगा। अवैध प्लाटिंग, भूमि अतिक्रमण के प्रकरणों पर जल्द से जल्द कार्यवाही करने के निर्देश मंत्री वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दे दिए गए हैं साथ ही नल जल योजना के तहत प्रत्येक हितग्राही के घर में पेयजल पहुँचाने हेतु भी निर्देशित कर दिया गया है।

बिना अनुमति संचालित निजी चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य विभाग की दबिश,12 को नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 29 अगस्त। कलेक्टर दीपक सोनी ने बिना किसी वैध अनुमति से जिले में संचालित निजी अस्पताल तथा डायग्नोस्टिक सेंटरों पर कार्रवाई के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए थे। इस कड़ी में आज कसडोल विकासखंड के 12 चिकित्सा संस्थानों में नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में टीम ने दबिश देकर निरीक्षण किया साथ ही नोटिस देकर विधिवत अनुमति लेने की अंतिम चेतावनी दी गई है।

सीएमएचओ ने बताया की जिले में इस प्रकार के बिना अनुमति के खोले गए संस्थानों के निरीक्षण हेतु टीम का गठन किया गया है। आज इस टीम द्वारा ही दबिश दी गई। परीक्षण के दौरान इन संस्थानों द्वारा बिना नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन संचालन करना पाया गया है। इसके लिए स्थान पर ही उन्हें नोटिस दिया गया। नोटिस में उल्लेख है की बिना अनुमति संस्था का संचालन करने पर प्रथम बार संचालक पर राज्य उपचर्या गृह तथा रोगोपचार सम्बंधी स्थापनाएँ अनुज्ञापन नियम 2010 के अध्याय एक के नियम 4 के

अनुसार 20 हज़ार के जुर्माने का प्रावधान है। जबकि दूसरी बार ऐसा करते पाए जाने पर दोष सिद्ध होने पर 03 वर्ष का कारावास अथवा 50 हज़ार जुर्माना अथवा दोनों के भागी होंगे। जिन संस्थाओं की जांच की गई उसमें वर्मा पैथोलॉजी कटगी, गायत्री क्लीनिक कटगी, गुप्ता क्लीनिक कटगी, क्योर बे ई क्लीनिक कसडोल, रामगोपाल साहू लैब कसडोल, शर्मा मेटा पैथोलॉजी कसडोल, सिटी डेंटल केयर कसडोल, कबीर पैथोलोजी कसडोल, वासु पैथोलॉजी छांछी, ओम हेल्थ सेंटर छांछी, रत्ना क्लीनिक कसडोल मानस पैथोलॉजी कसडोल शामिल है। सी एम एच ओ के अनुसार आगे भी जिले में यह जांच जारी रहेगी तथा बिना अनुमति संचालित संस्थाओं पर कार्रवाई की जाएगी।

जाँच टीम में डॉ कल्याण सिंह कुरुवंशी जिला नोडल अधिकारी नर्सिंग होम, डॉ रवि शंकर अजगल्ले बीएमओ कसडोल नूतन प्रकाश प्रधान, स्टेनो तथा दीपक चंद्रवंशी बायो मेडिकल इंजीनियर उपस्थित रहे।

भाजपा सदस्यता महाअभियान को सफल बनाने पर जोर

सोनाखान/कसडोल, 29 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भाजपा सदस्यता महाअभियान के तहत प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू के आतिथ्य में सुहेला मंडल की बैठक सम्पन्न हुआ। 28 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी सदस्यता महाअभियान के तहत भाजपा मंडल सुहेला जिला बलौदाबाजार में भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू (प्रभारी) के मुख्य आतिथ्य में एवं मंडल अध्यक्ष शिव कटारिया के अध्यक्षता में तथा विशिष्ठ अतिथि अदिति बघमार जिला पंचायत सदस्य, हितेश रात्रे जिला संयोजक सोशल मीडिया के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उक्त बैठक में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते संगठन की शक्ति को फिर से मजबूत बनाने का संकल्प लेकर सदस्यता महाअभियान को सफल बनाने और सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से अपने लक्ष्य को शीघ्र ही पूरा करने हेतु आग्रह किया गया। साथ ही सोशल मीडिया के अत्याधुनिक दौर में हर कार्य सहजता से किया जा रहा है। मोबाइल के माध्यम से हम सभी भाजपा के इस सदस्यता महाअभियान को सरलता पूर्वक कर सकते है।

आज की इस बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, शिव कटारिया मंडल अध्यक्ष, अदिति बघमार जिला पंचायत सदस्य, हितेश रात्रे जिला संयोजक सोशल मीडिया, शांति लाल पात्रे जिला मंत्री, डॉ. धनीराम साहू, हेमंत बघमार, गंगादास मधुकर, संतोष वर्मा, मातेश्वरी साहू, बंशीलाल वर्मा, थानेश्वर बघमार, शेषनारायण वर्मा सहित मंडल पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार, लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202407090100021
अ/21 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव से जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। आवेदक दीपक कुमार कंवर पिता किशनराम कंवर, जाति कंवर, निवासी ग्राम उरईडबरी, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव कृषक ग्राम उरईडबरी, तहसील लाल बहादुर नगर में अपने स्वामित्व में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 556/5 रकबा 0.35 एकड़/0.142 हे. भूमि को गैर आदिवासी व्यक्ति सतनाम सिंग आ. अमर सिंग, जाति सिक्ख, निवासी ग्राम महराजपुर, थाना व पोस्ट चिचोला, जिला राजनांदगांव को विक्रय करने की अनुमति दिये जाने के संबंध में आवेदक द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय, राजनांदगाँव को प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डोंगरगढ़ के माध्यम से प्राप्त हुआ है, जिस पर श्रीमान कलेक्टर महोदय द्वारा आदिवासी की भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय करने के संबंध में नियमानुसार निर्धारित कंडिकाओं पर नियमानुसार जॉच कर प्रतिवेदन यथाशीघ्र प्रेषित करने हेतु आदेशित किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में आवेदित भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय किये जाने की अनुमति आवेदक को दिये जाने हेतु किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति दिनांक 13.09.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 28.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
लाल बहादुर नगर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202407092100067
अ/6 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मनोज कुमार वर्मा उम्र 36 वर्ष पिता सुखराम वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम अण्डी, तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा अनावेदक अभिषेक मलागर से नजूल नगर डोंगरगढ़ वार्ड क्रमांक 24 स्थित भूखण्ड शीट क्रमांक 2 भूखण्ड क्रमांक 274/2 (ए) 1 क्षेत्रफल 952 वर्गफीट को विक्रय पत्र मूल्यवान 3,00,000/- रूपये दिनांक 28/06/2024 के माध्यम से क्रय कर कब्जा प्राप्त कर लिया है. अब किसी भी प्रकार का लेन-देन शेष नहीं है। नजूल नगर डोंगरगढ़ वार्ड क्रमांक 24 स्थित भूखण्ड शीट क्रमांक 2 भूखण्ड क्रमांक 274/2 (ए) 1 क्षेत्रफल 952 वर्गफीट भूखण्ड के नजूल अभिलेखों में अनवोदक अभिषेक मलागर का नाम विलोपित कर आवेदक मनोज कुमार वर्मा का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 30/08/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं. नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 31/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक 1059/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां./2024 गरियाबंद, दिनांक 24.07.2024 **(जी क्रमांक 242501391/दि.28.07.2024)** के द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
गरियाबंद (छ.ग.)

जी-242502058/1

बारनवापारा अभयारण्य एवं सीमावर्ती वनक्षेत्रों में बाघ व वन्यप्राणियों की सुरक्षा, निगरानी के संबध में चरवाहा सम्मेलन आयोजित

ग्रामीणों की मदद से बनाया गया है विशेष बाघ निगरानी दल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 29 अगस्त। विगत 6 माह से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत विचरण कर रहें बाघ के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आज वनमंडल स्तरीय चरवाहों का एक दिवसीय सम्मेलन सह कार्यशाला बारनवापारा अभ्यारण्य में आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपवनमंडलाधिकारी कसडोल आई.एफएस अक्षय दिनकर भोसले के द्वारा पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बाघ के व्यवहार एवं अन्य गतिविधियों के बारे में बारीकी से विस्तृत जानकारी साझा किया गया। उनके द्वारा बाघ विचरण क्षेत्र में की जाने वाली गतिविधियों, ट्रैकिंग के संबंध में निर्धारित स्टैंड'आपरेटिंग प्रोसीजर स्ह्क्क एवं विचरण क्षेत्र में विभिन्न वन्यप्राणियों के खान-पान और व्यवहार के बारे में विस्तार से चर्चा कर जानकारी दी गई।

वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल के द्वारा विगत लगभग 06 माह से क्षेत्र में विचरण कर रहे बाघ के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा किया गया। मानिटरिंग हेतु वनमण्डल अंतर्गत 250 ट्रैप कैमरा के मदद से बाघ विचरण की सतत् निगरानी की जा रही है। बाघ की सुरक्षा हेतु विशेष स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बाघ निगरानी दल बनाया गया है। वनक्षेत्रों में किसी भी प्रकार से जनहानि, जनघायल, पशुहानि, फसल हानि, एवं अन्य सम्पत्ति की क्षति होने पर तत्काल सूचित करने तथा अवैध शिकार एवं वन्यप्राणियों की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल वन विभाग को सूचित करने हेतु कार्यशाला में उपस्थित चरवाहों तथा

ग्रामीणों से अपील किया गया। इसके साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारावन्यप्राणियों के द्वारा किये गये जनहानि पर 6 लाख लाख रू. जनघालय के दौरान पूर्ण रूप से अपंगता होने पर 2 लाख रू.सामान्य जनघायल पर 5 लाख 91 हजार रूपये पशु हानि होने पर अधिकतम 30 हजार रू. तथा फसल, मकान एवं अन्य क्षति होने पर मुल्यांकन अनुसार क्षतिपूर्ति राशि शासन द्वारा प्रदान की जाने की जानकारी दिया। वनक्षेत्रों में अवैध शिकार, बिजली हुकिंग तथा अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी होने पर वन विभाग को प्राथमिकता से सूचित करने पर वन विभाग के द्वारा प्रदाय किये जाने वाली गोपनीय पुरूस्कार राशि से अवगत कराया गया। ग्रामीणों को वन विभाग से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हो तो सुविधानुसार निकटम वनाधिकारी / जांच नाकों में सूचित करने हेतु अह्वान किया गया ताकि, त्वरित कार्यवाही कर समस्यों का निराकरण किया जा सके।

अभ्यारण्य के अंतर्गत स्थित ग्राम तालदादर के निवासी चरवाहा पंचराम बरिहा के द्वारा वनक्षेत्र में अपने मवेशियों को चराने ले गये थे, इसी दौरान बाघ के द्वारा उनके बैल के गर्दन पर हमला कर शिकार करने का प्रयास किया जा रहा था, उसे देखकर पंचराम बरिहा के द्वारा अपने बैल की जान बचाने हेतु शोर मचाते हुये लाठी को जमीन तथा पत्थर में पटक-पटकर कर बैल को बाघ से शिकार होने से बचाया गया तथा संपूर्ण घटना की जानकारी वनाधिकारियों को बताया। पंचराम बरिहा को उनके घायल बैल के इलाज की क्षतिपूर्ति तथा उनके सूझबुझ एवं सहासिक कार्य के लिए सम्मेलन में वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार के द्वारा 1000 रूपये पुरूस्कृत कर सम्मानित किया गया।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

-:: सीमित निविदा सूचना पत्र ::-

क्रमांक/आब./निविदा/2024-25/1479 उ.ब. कांकेर, दिनांक 27/08/2024

छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, उ.ब. कांकेर द्वारा जिला कांकेर में संचालित 04 देशी एवं 08 विदेशी मदिरा दुकानों में स्थापित सी.सी.टी.व्ही. कैमरा/एन.व्ही.आर तथा उससे संबंधित उपकरणों के अनुरक्षण एवं सुधार कार्य तथा रख-रखाव हेतु दिनांक 21.09.2024 से 20.09.2025 तक की अवधि के लिये निविदा आंमत्रित की जाती है। लिफाफे पर निविदा देने वाले निविदादाता/फर्म का नाम व पता अंकित किया जावे। लिफाफे के अन्दर निम्न दो पृथक-पृथक तकनीकी एवं वित्तीय बिड रखा जावे। **निविदा लिफाफा परिशिष्ट प्रपत्र 'अ' अमानत राशि एवं तकनीकी सामान्य जानकारी तथा निविदा लिफाफा परिशिष्ट प्रपत्र-'ब' वित्तीय बिड। सर्व प्रथम निविदा लिफाफा 'अ' अमानत राशि एवं तकनीकी सामान्य जानकारी खोली जावेगी। तकनीकी निविदा सही होने पर ही निविदा लिफाफा परिशिष्ट प्रपत्र 'ब' वित्तीय बिड** खोला जावेगा। इच्छुक निविदादाताओं/फर्म द्वारा सीलबंद लिफाफे में सीमित निविदा दिनांक 18.09.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड उ.ब. कांकेर में जमा कर सकते हैं। निविदा निविदाकारों के समक्ष दिनांक 18.09.2024 को समय 4.00 बजे कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सह जिला प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल. उ.ब. कांकेर में खोली जावेगी। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र एवं सीमित निविदा नियम एवं शर्तें तथा संचालित देशी/विदेशी मदिरा दुकानों के नाम की जानकारी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड उ.ब. कांकेर कलेक्ट्रोरेट कक्ष क्रमांक 14 में कार्यालयीन दिवसों में कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

जिला आबकारी अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

जी- 242502047/4

एक नजर

पेट्रोल पंप के पास खड़ा हाईवा पार

रायपुर, 29 अगस्त। छोकरानाला स्थित एमएस पेट्रोल पंप के पास खड़ी हाइवा वाहन को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिल जानकारी के अनुसार प्रार्थी बलवीर सिंह पन्नु 44 वर्ष श्यामनगर तेलीबांधा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी हाइवा क्रमांक सीजी 04 जेसी 4840 को छोकरानाला एमएस पेट्रोल पंप के पास खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए हाइवा की कीमत करीब 11 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

3 नाबालिग लापता

रायपुर, 29 अगस्त। अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन नाबालिग लड़की लापता हो गई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा थाना में 45 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इसी तरह पीड़ितों ने कबीरनगर और राजेन्द्र नगर थाना में भी अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ नाबालिग लड़की के अपहरण करने की शिकायत दर्ज कराई है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुलिस ने की ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई

रायपुर, 29 अगस्त। गोलबाजार पुलिस ने आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले तीन ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने मालवीय रोड में आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 एनडब्लू 2679 के चालक राहुल खिलाड़ी 25 वर्ष, सीजी 04 एनएक्स 9643 के चालक राजेश यादव 35 वर्ष और सीजी 04 पीएच 2045 के चालक रमाकांत साहू 30 वर्ष के खिलाफ कार्रवाई की है।

हाईवा की टक्कर से एक्टिवा सवार बुजुर्ग की मौत

रायपुर, 29 अगस्त। महतारी चौक गुढ़ियारी के पास हाइवा की टक्कर से एक्टिवा सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक साजन दास बंजारी 79 वर्ष श्यामनगरर तेलीबांधा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा से कहीं जा रहा था, तभी महतारी चौक गुढ़ियारी के पास हाइवा क्रमांक सीजी 04 एल 1781 के चालकने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दिया। जिससे साजन दास की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कपड़ा दुकान से हजारों का सामान पार

रायपुर, 29 अगस्त। नवापारा स्थित दुकान के शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए के कपड़े पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अजहर खान 42 वर्ष नवापारा रायपुर का रहने वाला है। प्रार्थी नवापारा में कपड़ा दुकान चलाता है। बबताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान के शटर का ताला तोड़कर 52 नग जिंस व अन्य कपड़ा पार कर दिया। चोरी गए कपड़ों की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कबाड़ पर अज्ञात चोर ने किया हाथ साफ

रायपुर, 29 अगस्त। सेरीखेड़ी स्थित सेवा निकेतन के पीछे गेट के पास पड़ी लोहे के कबाड़ को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रोबासटेन सी.जे. 63 वर्ष सेरीखेड़ी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने सेवा निककेतन के पीछे गेट के पास रखे लोहे के कबाड़ को पार कर दिया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

डीजल चोरी कर चालक फरार

रायपुर, 29 अगस्त। ग्राम सांकरा में चालक ने ट्रक से डीजल चोरी कर वाहन को लावारिस हालत में छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शासन ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलएफ 9273 के चालक ने ट्रक के टंकी में भरे 338 लीटर डीजल को चोरी कर वाहन को लावारिस हालत में छोड़कर भाग निकला। मामले में धरसींवा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

रायपुर दक्षिण उपचुनाव : राजनीतिक व प्रशासनिक तैयारियों में आई तेजी

मतदाता सूची पुनरीक्षण का आदेश जारी, कांग्रेस की वार्डवार कार्यकर्ताओं की बैठक शुरू

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 29 अगस्त। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने कमर कसना शुरू कर दिया है। इधर भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण का आदेश जारी कर दिया है। लिहाजा निर्धारित समय में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वालों का नाम जोड़ने, मतदाताओं का पता बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस ने दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिए वार्डवार प्रभारियों की घोषणा कर दी है। सदर बाजार वार्ड का प्रभार देख रहे कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि हमने बूथवार मतदाताओं की संख्या एवं कार्यकर्ताओं की जानकारनी ली है। यहां पर बैठक भी लेना प्रारंभ कर दिया गया है। पंकज शर्मा, प्रमोद दुबे, राजेश बिस्सा, एजाज ढेबर को अलग-अलग वार्डों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा के अनुसार यहां पर मंडलवार अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। कांग्रेस की नजर मुस्लिम बहुल वार्ड नयापारा, बैजनाथपारा, संजय नगर तथा टिकरापारा पर लगी हुई है। भाजपा नेताओं के अनुसार वर्षों से चुनाव लड़ रहे बृजमोहन अग्रवाल को इन सभी वार्डों से 50 प्रतिशत वोट मिलते थे जो कि उल्लेखनीय है। नेताओं के अनुसार अभी तक चुनाव की घोषणा नहीं हुई है लेकिन मैदानी स्तर पर चुनावी जंग की तैयारी शुरू हो गई है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम प्रारंभ

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम आज से शुरू हो गया है। इसमें निर्धारित तिथि के अनुसार जो मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेंगे उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। ऐसे मतदाता जिन्होंने अपना वार्ड बदल लिया है वे भी बीएलओ के माध्यम से आवेदन दे सकते हैं। आयोग द्वारा 128 के तहत अब मतदाताओं की पहचान की जाएगी जिसमें दिव्यांग और सीनियर सिटीजन आएंगे। आयोग के निर्देशानुसार वरिष्ठ मतदाताओं को घर में ही मतदान करने का अधिकार होगा। इसके लिए आयोग के निर्देश पर कलेक्टर जिन्हें अधिकृत करेगा वे मतदाताओं के घर जाएंगे। दिव्यांग को भी विशेष सुविधा दी जा रही है। रायपुर दक्षिण के अंतर्गत करीब डेढ़ लाख से अधिक मतदाता हैं। वर्तमान में आयोग द्वारा मतदान केंद्रों की पहचान एवं मतदाता सूची तथा नामांकन पत्र के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। ईवीएम तथा वीवीपैट को भी सुधारा जा रहा है। आयोग के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग ने कश्मीर में चुनाव की घोषणा कर दी है। समझा जाता है कि महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव होना बाकी है। यहां पर चुनाव की घोषणा के साथ ही छत्तीसगढ़ में उपचुनाव की घोषणा की जाएगी।

भाजपा सदस्यता अभियान के लिए किरण देव ने ली बैठक

भाजपा अध्यक्ष किरण देव एवं संगठन मंत्री पवन साय द्वारा आज कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सदस्यता अभियान शुरू करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक ली गई। बैठक में ऑनलाईन सदस्यता शुरू करने सहित अन्य बिन्दुओं की जानकारी दी गई। यह अभियान छत्तीसगढ़ में दो सितम्बर से शुरू होगा। पार्टी नेताओं के अनुसार बूथवार, मंडल तथा जिला में यह अभियान शुरू किया जाएगा। जिसकी सतत निगरानी की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी संगठन के चुनाव इसी आधार पर होंगे। प्रदेश, जिला एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी प्रजातांत्रिक पार्टी जिसके कई करोड़ सदस्य हैं। फिलहाल इस पार्टी की 12 राज्यों में सरकार है तथा केंद्र में भी इसी पार्टी की सरकार है जिसके चलते लोग इस पार्टी से जुड़ रहे हैं।

सम्मानित हुए राज्य के खिलाड़ी

■ **पुरस्कार वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लिए 97 खिलाड़ियों को दी गई 76 लाख रुपए की पुरस्कार राशि**

रायपुर, 29 अगस्त। वर्ष 2021-22 के लिए शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार के लिए 6, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 6, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 2, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 11, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 5 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 11 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। वर्ष 2022-23 हेतु शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार के लिए 4, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 7, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 1, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 15, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 5 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 24 चयनित खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, दयाल दास बघेल रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्व सम्पत अग्रवाल, पुरन्दर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब , प्रणव मरपच्ची (मरवाही) मोती लाल साहू अनुज शर्मा इन्द्र कुमार साहू सचिव खेल विभाग हिमशिखर गुप्ता , संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्रीमती तनुजा सलाम सहित खिलाड़ीगण मौजूद है।

125 शैक्षणिक संस्थानों में दिया गया वंदे मातरम् प्रशिक्षण

रायपुर, 29 अगस्त। इस कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य वन्दे मातरम प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से रायपुर के शैक्षणिक संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका होगा। इस हेतू ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा रायपुर के लगभग 110 एवं अन्य जिलों से लगभग 15 शैक्षणिक संस्थानों का चयन किया गया। जहां सस्था के प्रशिक्षक विधार्थीयों को पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका विषय में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इस हेतू संस्था के 125 सदस्यो को भी विशेष रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

मैक कालेज समता कालोनी 12.30 प्रशिक्षण अमिताभ दुबे प्रदेश अध्यक्ष सहभागिता अनुबंध ग्रीन आर्मी संस्था के द्वारा सभी 125 स्कूल कालेजो में पर्यावरण संबंधित गतिविधियों को एक साथ मिलकर करने हेतू सहभागिता अनुबंध किया जा रहा है। प्रशिक्षण पश्चात प्रत्येक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम से लगाये जायेंगे।

मंकीपॉक्स को लेकर छत्तीसगढ़ में अलर्ट जारी

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने बचाव के लिए दिए सख्त दिशा-निर्देश

रायपुर, 29 अगस्त। देश में बढ़ रहे मंकीपॉक्स के मामले को लेकर छत्तसीगढ़ में अलर्ट जार कर दिया गया है. प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों को मंकी पॉक्स (एम-पॉक्स) नामक बीमारी के बचाव और रोकथाम के लिए जारी एडवायजरी में दिए गए दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं.

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंकी पॉक्स (एमपॉक्स) नामक बीमारी के बचाव और रोकथाम के लिए एडवायजरी जारी की गई है. मंकी पॉक्स को विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा 14 अगस्त 2024 को पब्लिक हेल्थ एमरजेन्सी ऑफ इंटरनेशनल क ा न स (पीएचईआईसी) को घोषित किया गया है. विभिन्न देशों में संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सर्वेलेंस, जांच एवमं उपचार के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं, जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में भी मंकीपॉक्स (स्थ्ठ्ठद्मद्द4श्चश्र×) प्रकरणों की सर्वेलेंस, त्वरित पहचान, जांच एवं उपचार के लिए दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं. पॉक्स एक जीनेटिक बीमारी है जो मुख्य रुप से मध्य और पश्चिम अफ्रीका के क्षेत्रों में होता है, वर्तमान परिदृश्य में कुछ अन्य देशों में प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं तथा भारत के केरल राज्य में मार्च 2024 में प्रकरण प्राप्त हुए हैं

मंकी-पॉक्स के लक्षण

मंकी-पॉक्स से संक्रमित व्यक्ति में सामान्यतः बुखार, चकत्ते एवं लिम्फ नोड्स में सूजन पायी जाती है। मंकी-पॉक्स एक स्व-सीमित (सेल्फ लिमिटेड) संक्रमण है, जिसके लक्षण सामान्यतः 2-4 सप्ताह में समाप्त हो जाते हैं.

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बीमारी को सज्ञान में लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी विकासखण्डों एवं विशेष रूप से ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर नागरिकों को एम-पॉक्स बीमारी, इसके संक्रमण व बचाव हेतु उपायों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए हैं. साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी एडवायसरी में दिए गए सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का गंभीरतापूर्वक पालन सुनिश्चित करने कहा है।

चार आईएएस अधिकारियों का तबादला पाठक बने बिलासपुर संभाग के आयुक्त

रायपुर, 29 अगस्त। छत्तीसगढ़ में चार आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है. सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, आईएएस प्रसन्ना आर को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आयुक्त, उच्च शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.

इसके अलावा नीलम नामदेव एक्का को मंत्रालय सचिव, जनक प्रसाद पाठक को बिलासपुर संभाग आयुक्त के पद पर पदस्थ किया गया है. आईएएस राजेंद्र कुमार कटारा को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ मिशन संचालक, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

पर्युषण महापर्व पर सीमंधर स्वामी पूजन

रायपुर, 29 अगस्त। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप में गुरुभक्ति की अविरल धारा में श्रद्धालुओं को सराबोर करने वाली भजन गायिका श्रीमति शताब्दी ढ़ेलडिया का भैरव सोसायटी श्रीसंघ, सीमंधर महिला मण्डल व विमल महिला मण्डल द्वारा बहुमान किया गया। समारोह में जैन श्रीसंघ की अनेक वर्षों से सतत समर्पित निःस्वार्थ सेवा करने प्रत्यर्थ ऋषभदेव जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया का बहुमान किया गया। गुरुभक्ति समारोह में ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद, महासचिव महेन्द्र कोचर, ट्रस्टीगण नीलेश गोलछा, जय सांखला, योगेश बंगानी, श्रीमती मंजू कोठारी, ममता सुराना ने तिलक, मोतियों की माला, शॉल श्रीफल से विजय कांकरिया व श्रीमती ढ़ेलडिया का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने जैनम जयति शासनम का उदघोष किया। जैन धर्म का पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व 31 अगस्त से 7 सितंबर तक सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में धूमधाम से मनाया जाएगा। वर्तमान काल में महाविदेह क्षेत्र में विराजमान सीमंधर स्वामी की प्रतिमा, सुमति नाथ जी, पार्श्वनाथ जी, महावीर स्वामी, गौतम स्वामी जी व चारों दादागुरुदेव की प्रतिमाओं की मनमोहक आंगी बनाई जावेगी। प्रातः 5 बजे मंदिर जी के पट खोले जाएंगे, परमात्मा के जन्मकल्याणक की स्नात्र पूजा, अष्टप्रकारी पूजा, परमात्मा की नवांगी पूजा, चैत्यवन्दन होगा। विश्व में एकमात्र जैन धर्म में ही कोई भी श्रावक श्राविका प्रभु परमात्मा के मूल गंभारे में जाकर मूर्ति को स्पर्श कर पूजन कर सकता है। दोपहर में सीमंधर महिला मण्डल, विमल महिला मण्डल व भैरव सोसायटी श्रीसंघ के भक्तों द्वारा परमात्मा व दादागुरुदेव की मूर्तियों की आंगी सजावट की जावेगी। रात्रि में 8 . 15 बजे से प्रभु भक्ति व दादागुरुदेव इक्तिसा जाप होगा। आरती व मंगल दिवा पश्चात जिनमंदिर के पट मंगल होंगे।

1 सितम्बर को जनता होगी ज्योतिष एवं तंत्र के विद्वानों से रूबरू

रायपुर, 29 अगस्त। सिद्धाश्रम यज्ञ क्रांति परिषद द्वारा श्री राम मंदिर वीआईपी रोड रायपुर में आयोजित होने जा रहा है भविष्य भारत। जो की ज्योतिष एवं परविज्ञान के मूर्धन्य विश्व प्रसिद्ध विद्वानों का एक परिसंवाद कार्यक्रम है। इस आयोजन में आम जन इन विद्वानों से अपने समस्याओं पर परामर्श ले सकते हैं। 1 सितंबर को आम जन इन विद्वानों के विचारो का लाभ प्रातः 10 बजे से ले सकते हैं। इस आयोजन में ज्योतिष पद्म विभूषण, राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त ज्योतिष एवं तंत्र के विद्वान उपस्थित होने जा रहे हैं। यह जानकारी संयोजक आशुतोष पांडे, (शक्तिपात तंत्र मास्टर), संचित तिवारी, तुषार कदम, शीतल सिन्हा ने दी है।

पुण्यतिथि पर याद किए गए गायक मुकेश कुमार

रायपुर, 29 अगस्त। गुनरस पिया फाउंडेशन की महफिल के सदस्यों ने सदी के महान पार्श्व गायक स्व मुकेश चन्द्र माथुर की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए उनके सदाबहार नग्मो को प्रस्तुत किया।श्रोताओं से खचाखच भरे राम मंदिर परिसर बुढ़ापारा में देर रात तक एक से बढ़कर एक पेशकश होती रहीं। महफ़िल के निदेशक दीपक व्यास ने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक माह संगीत की बैठकों का आयोजन किया जाता है इसका मुख्य उद्देश्य गायकों को मंचीय प्रस्तुति हेतु परिपक्व करना और श्रोताओं में स्तरीय संगीत को संरक्षित एवं संवर्धित करना है। संगत पक्ष में तबले पर सुशील गोल्हानी एवं हारमोनियम पर दीपक गुणवंत व्यास ने गायकों का साथ दिया। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती दीपा व्यास ने किया।

प्रमुख प्रस्तुतियां निम्न प्रकार थीं कावेरी व्यास- कहीं दूर जब दिन ढल जाए। एक प्यार का नगमा है। मिलिंद शेष- दुख हरो द्वारका नाथ शरण मैं तेरी। रचना चांडक - जो तुमको हो पसंद। ये मेरा दीवाना पन है। डॉ प्रदीप तिवारी - हमने अपना सब कुछ खोया। चांद सी महबूबा हो मेरी ऐसा मैंने सोचा था। युगल गीत - शुभ्रा ठाकुर एवं दीपक व्यास - दिल की नज़र से। किसी राह में किसी मोड़ पर। वैशाली जोशी -ओह रे ताल मिले नदी के जल में। मैंने तेरे लिए ही सात रंग के सपने चुने। मिलिंद शेष एवं मिलिंद कावडीसाव- डम डम डिगा डिगा। अनुराग शुक्ला -सुहानी चांदनी रातें। चंदन सा बदन चंचल चितवन। के आर पुरोहित - सीताराम सीताराम कहिए। डॉ जावेद अली खान -जाने कहां गए वो दिन। आंसू भरी है ये जीवन की राहें। ए श्रीनिवास राव - चल अकेला चल अकेला। डॉ व्ही एस अवस्थी - मांझी नैया ढूंढे किनारा। प्रीति शेष -सुहाना सफ़र और ये मौसम हसीं। सुनीता सिंघानिया -मैं पल दो पल का शायर हूं। दीपक व्यास -झूमती चली हवा। दिल जलता है तो जलने दे। कभी कभी मेरे दिल में खयाल आता है। सभा की समाप्ति पर सभी उपास्थितजनों ने समवेत स्वरों में -रमैया वस्तावैया मैंने दिल तुझको दिया। गाकर समापन किया।

खबर छपते ही नाले पर कब्जा करने वालों को निगम का नोटिस

रायपुर, 29 अगस्त। खबर के छपते ही नगर निगम प्रशासन हरकत में आ गया। सरोना स्थित नाले पर कब्जा करने वालों के खिलाफ जांच के निर्देश दिए गए हैं। जोन आयुक्त जोन क्रमांक आठ ने आरटीएसी रेफ्रिजरेशन डूमरतालाब को नोटिस जारी कर कहा है कि नाला पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। इस संबंध में दस्तावेज परीक्षण किया जाना है। इस हेतु भूस्वामित्व भवन निर्माण अनुज्ञा व सनहाल टैक्स के दस्तावेज इस कार्यालय में तीन दिनों के भीतर प्रस्तुत करें अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह की नोटिस अंकिता फ्रेबिकेशन को दी गई है। जांच में यह साफ हो जाएगा कि नाले के कितने हिस्से में अवैध कब्जा किया गया है। यह तो तय है कि नाले को पाटकर कब्जा किया गया है लिहाजा नोटिस का जवाब आने के पूर्व ही अवैध कब्जों को हटा कर पानी निकासी के व्यवस्था करनी चाहिए। चंद भू-माफियों के कारण न केवल राजधानी की दुर्दशा हो रही है बल्कि लाखों लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसे ही लोगों को कारण मामूली बारिश में ही राजधानी लबालब हो जाती है। ऐसे लोगों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। ज्ञात हो कि उक्ताशय की खबर तरूण छत्तीसगढ़ ने अपने 28 अगस्त के अंक में प्रकाशित किया था। यह केवल इस एक नाले का मामला नहीं है। राजधानी के बाहर से गुजरने वाले तमाम नालों को पाटकर भवन निर्माण कर लिया गया है। इतना ही नहीं राजधानी के भीतर के नालों का भी यही हाल है। इसी कारण ही जल भराव होता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26